




Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar

हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा, बस्ती, सहारनपुर मंडल, दिल्ली एनसीआर एवं उत्तराखंड में प्रसारित





रमजान मुबारक 2026 टाइम टेबिल सहरी-इफ्तार........०1



Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in



भारत को अनुमति की जरूरत क्यों, राहुल गांधी ने साधा....०1



वर्ष: ०3 अंक: 235 | बदायूं, शुक्रवार 13 मार्च 2026 | पृष्ठ- ०8 | मूल्य- 4.०० रूपये


## भारत को अनुमति की जरूरत क्यों, राहुल ने साधा निशाना

### संसद से नरेंदर गायब, देश से सिलेंडर गायब के लगे नारे



**दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को ईरान-इस्राइल युद्ध के चलते पैदा हुए उर्जा संकट पर राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने ईरान युद्ध का उल्लेख करते हुए कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद है। देश में एलपीजी को लेकर संकट है। स्ट्रीट वेंडर्स पर ज्यादा प्रभाव पड़ा है। अमेरिका कौन होता है हमें यह बताने वाला कि हम किससे तेल खरीदेंगे, किससे गैस खरीदेंगे? छोटे व्यापारी परेशान हो रहे हैं।

राहुल गांधी में सदन में कहा कि हर कोई जानता है कि पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू हो गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच युद्ध चल रहा है। इस युद्ध के दूरगामी परिणाम होने वाले हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया का लगभग 2० प्रतिशत तेल गुजरता है, उस मुख्य समुद्री रास्ते को बंद कर दिया गया है। इसका बहुत बड़ा असर पड़ेगा, खासकर हमारे देश पर, क्योंकि हमारे तेल और प्राकृतिक गैस का बहुत बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से आता है।

राहुल गांधी ने आगे कहा कि मुश्किलें अभी बस शुरू हुई हैं। रेस्तरां बंद हो रहे हैं। एलपीजी को लेकर लोगों में घबराहट फैल रही है। सड़क पर सामान बेचने वाले लोग प्रभावित हो रहे हैं और जैसा मैंने कहा, यह सिर्फ शुरुआत है। किसी भी देश की बुनियाद उसकी ऊर्जा सुरक्षा होती है और मैं यह बात हल्के में नहीं कह रहा हूं, लेकिन अमेरिका को यह तय करने देना कि हम तेल किससे खरीदेंगे, गैस किससे खरीदेंगे, क्या हम रूस से तेल खरीद सकते हैं या नहीं और अलग-अलग तेल आपूर्तिकर्ता देशों के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे, यह सब मानो सौदे में दे दिया गया है।

ट्रंप के बयान को लेकर राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मेरे लिए यह हमेशा एक बहुत उलझाने वाली बात रही है कि भारत जैसा बड़ा देश किसी दूसरे देश को यह तय करने क्यों देगा कि हम किससे तेल खरीदें। क्यों किसी दूसरे देश के राष्ट्रपति हमें अनुमति दें कि हम रूस से तेल खरीद सकते हैं या नहीं और हमारे अंतरराष्ट्रीय संबंध कैसे होंगे। यह मेरे लिए एक पहेली रही है और मैं इस पहेली को समझने की कोशिश कर रहा हूं।

राहुल गांधी ने कहा, मैंने इस पहेली को समझ लिया है और यह पहेली समझौते से जुड़ी हुई है। यहां हमारे बीच एक सज्जन बैठे हैं जो पेट्रोलियम मंत्री हैं। उन्होंने खुद कहा है कि वह मिस्टर एपस्टीन के दोस्त हैं। राहुल गांधी के इसी बयान पर लोकसभा में हंगामा हो गया। राहुल गांधी के इस बयान के बाद संसद में भारी हंगामा शुरू हो गया। ट्रेजरी बेंच की ओर से हंगामा शुरू हो गया। स्पीकर ने राहुल गांधी को टोकते हुए कहा कि आपने नोटिस कुछ और दिया है। नोटिस बोलिए, नियम से परे बोलने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी।

वहीं एलपीजी संकट पर राहुल गांधी ने बयान दिया और केंद्र सरकार से तीखे सवाल पूछते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ऊर्जा सुरक्षा मामले में केंद्र सरकार को घेरा है। उन्होंने संकट से निपटने के लिए अग्रिम तैयारी किए जाने का आह्वान करते हुए कहा, अगर ऐसा नहीं किया गया, तो भविष्य में करोड़ों लोगों को नुकसान उठाना पड़ेगा। राहुल का ये बयान एलपीजी की कमी को लेकर आई हालिया मीडिया रिपोर्ट्स के बीच आया है। उन्होंने संसद परिसर में पत्रकारों से बात करने के अलावा सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करते हुए भी सरकार को घेरा।

## सीईसी के पद से हटाए जा सकेंगे ज्ञानेश कुमार

### अब तक दो सौ अधिक सांसदों ने नोटिस पर किए हस्ताक्षर




**दिल्ली।** लोकसभा के 13० और राज्यसभा के 63 सांसदों ने एक नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग की गई है। एक सूत्र ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सूत्र के मुताबिक, इस नोटिस को कल किसी एक सदन में जमा किया जा सकता है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि किस सदन में सौंपा जाएगा। इस बीच, विपक्ष के एक नेता ने कहा कि सांसदों ने नोटिस पर हस्ताक्षर करने में काफी उत्साह दिखाया है। आवश्यक संख्य पहले ही पूरी हो जाने के बावजूद गुरुवार को कई सांसद इस नोटिस पर हस्ताक्षर करने के लिए आगे आए।

नियम के मुताबिक, सीईसी को पद से हटाने के लिए लोकसभा के कम से कम 1०० सांसदों के हस्ताक्षर होने जरूरी हैं। वहीं, राज्यसभा के 5० सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी हैं।

सूत्र ने बताया कि नोटिस पर इंडिया ब्लॉक के राजनीतिक दलों के सदस्यों ने हस्ताक्षर किए। एक अन्य सूत्र ने कहा, आम आदमी पार्टी (आप) के सांसदों ने भी इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, जबकि आप अब इंडिया ब्लॉक का हिस्सा नहीं है। यह पहली बार है, जब किसी मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने के लिए नोटिस दिया जा रहा है।


## एक नजर

### केवल इनकम के आधार पर ओवीसी क्रीमी लेयर का दर्जा नहीं

**दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के क्रीमी लेयर से जुड़े मुकदमे में अहम टिप्पणी की। दो जजों की खंडपीठ ने आज अपने फैसले में कहा कि आरक्षण के इस मामले में अभ्यर्थी के क्रीमी लेयर का निर्धारण केवल माता-पिता या अभिभावकों की सैलरी के आधार पर नहीं किया जा सका। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने अपने फैसले में सरकार की अपील को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि क्रीमी लेयर दर्जा का निर्धारण करते समय माता-पिता या अभिभावकों के पदों और स्थिति को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। बेंच ने केंद्र सरकार की उन अपीलों को खारिज कर दिया, जो हाई कोर्ट के फैसलों के खिलाफ थीं। कोर्ट ने उन यूपीएससी उम्मीदवारों को बड़ी राहत दी है, जिन्हें सिविल सेवा परीक्षा पास करने के बावजूद नौकरी नहीं दी गई थी। सरकार ने उनके माता-पिता की सैलरी को आधार मानकर उन्हें गलत तरीके से क्रीमी लेयर की श्रेणी में डाल दिया था। अदालत ने साफ किया कि अधिकारियों ने उम्मीदवारों को आरक्षण से बाहर करने के लिए गलत पैमाना अपनाया। जस्टिस महादेवन ने फैसले में लिखा कि कोई उम्मीदवार क्रीमी लेयर में आता है या नहीं, इसका फैसला केवल आय के आधार पर नहीं हो सकता। यह पूरा विवाद उन उम्मीदवारों से जुड़ा था जिनके माता-पिता सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू), बैंकों या इसी तरह के संस्थानों में काम करते थे। सरकार ने 2००4 के एक स्पष्टीकरण पत्र का सहारा लेकर उनकी सैलरी को आय में जोड़ दिया था। इस वजह से वे आरक्षण के लाभ से वंचित हो गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने 1993 के सरकारी आदेश का हवाला दिया। यह आदेश इंदिरा साहनी मामले के बाद बना था। इसमें स्पष्ट है कि क्रीमी लेयर तय करने के लिए माता-पिता का पद (जैसे ग्रुप ए या ग्रुप बी अधिकारी) मुख्य आधार है। इस नियम के तहत सैलरी और खेती से होने वाली कमाई को आय/संपत्ति टेस्ट में शामिल नहीं किया जाता।

## तेल कंपनियों का दावा, यूपी में पेट्रोल डीजल व एलपीजी का कोई संकट नहीं

**अमर भास्कर, ब्यूरो**



**लखनऊ।** एलपीजी सिलिंडरों के संकट को लेकर मचे हाहाकार के बीच तेल कंपनियों ने दावा किया है कि उत्तर प्रदेश में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति पर कोई संकट नहीं है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के समूह (ओएमसी) ने कहा है कि राज्य में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति सामान्य है और उपभोक्ताओं को घबराने या अतिरिक्त स्टॉक करने की जरूरत नहीं है।

स्टेट लेवल कोऑर्डिनेटर (एसएलसी) संजय भंडारी के अनुसार पश्चिम एशिया में जारी जंग के बावजूद प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता है। सप्लाई भी नियमित रूप से जारी है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अनावश्यक घबराहट में अतिरिक्त खरीदारी या बुकिंग न करें। प्रदेश में लगभग 4.85 करोड़ घरेलू एलपीजी उपभोक्ता हैं। अकेले लखनऊ में ही करीब 15 लाख घरेलू एलपीजी उपभोक्ता हैं। घरेलू गैस उपभोक्ताओं की संख्या के लिहाज से लखनऊ, प्रयागराज, आगरा, गोरखपुर और गाजियाबाद शीर्ष पांच जिलों में शामिल हैं, जहां कुल मिलाकर लगभग 65 लाख उपभोक्ता हैं।

व्यावसायिक और औद्योगिक एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या अपेक्षाकृत कम है, लेकिन मांग स्थिर बनी हुई है। लखनऊ में लगभग 26 व्यावसायिक और औद्योगिक एलपीजी उपभोक्ता विभिन्न ऑयल कंपनियों से जुड़े हैं। वहीं नोएडाध्ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, आगरा, कानपुर और लखनऊ ऐसे प्रमुख शहर हैं, जहां व्यावसायिक और औद्योगिक एलपीजी की मांग सबसे अधिक है। मांग के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में घरेलू एलपीजी की औसत दैनिक मांग लगभग 1० हजार मीट्रिक टन (टीएमटी) है, जबकि व्यावसायिक और औद्योगिक श्रेणी में यह करीब ०.5 हजार मीट्रिक टन प्रतिदिन है। प्रदेश में एलपीजी सिलिंडर की आपूर्ति के लिए करीब 4143 डिस्ट्रीब्यूटर काम कर रहे हैं, जिनमें से 116 डिस्ट्रीब्यूटर लखनऊ में हैं।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति दौरे की तैयारियों का लिया जायजा

**अयोध्या।** गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले संकटमोचन हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन किया और प्रदेश की सुख-शांति की कामना की। इसके बाद सीएम योगी ने श्रीराम मंदिर में श्रीरामलला के चरणों में शीश झुकाया। उन्होंने श्रीराम मंदिर परिसर के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे की शुरुआत संकटमोचन हनुमानगढ़ी मंदिर से की। उन्होंने यहां विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेशवासियों के सुखमय जीवन की प्रार्थना की। यहां से निकल कर मुख्यमंत्री श्रीराम मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने श्रीरामलला के दर्शन किए। आरती उतारी और मंदिर की परिक्रमा की। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति और आगामी योजनाओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी में संतों से भी मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री यहां सबसे पहले महंत प्रेमदास जी महाराज से मिले। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अन्य संतों से भी मिलकर उनका हालचाल जाना। इससे पहले मुख्यमंत्री के अयोध्या आगमन पर रामकथा पार्क हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

## कौन है कमल सिंह जम्वाल, जिसने पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला पर की फायरिंग

### उन्हें 2० वर्ष से मारना चाहता था?



**जम्मू।** कमल सिंह जम्वाल पिछले दो दशक से कत्ल का मंसूबा पाले बैठा था। बुधवार की रात को उसने अपनी उस घटिया साजिश को अंजाम देने की कोशिश भी कर डाली। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला पर गोली चलाने वाले इस हमलावर ने पुलिस के सामने जो कबूलनामा किया है वह रोंगटे खड़े कर देने वाला है।

फारूक जम्मू के ग्रेटर कैलाश स्थित रॉयल पार्क में शादी समारोह में पहुंचे थे। इसमें आरोपी कमल सिंह जम्वाल भी पहुंचा था। इसी दौरान मौका पाते ही उसने वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। इसमें फारूक बाल-बाल बच गए।

फारूक के सुरक्षा गार्डों की ओर दबोचे जाने के बाद पुलिस ने शुरुआती पूछताछ में आरोपी कमल सिंह जम्वाल के चेहरे पर अपने किए का कोई पछतावा नहीं नजर आया। उसने कहा कि वह निजी कारणों से पिछले 2० साल से डॉ. फारूक अब्दुल्ला को मारना चाहता था। उसने ये भी कहा कि फारूक की हत्या करना उसका अपना मकसद है।

उसने बताया कि उसके चचेरे भाई शत्रुजीत सिंह के बेटे की शादी थी। वह खुद उसमें आमंत्रित था। आज उसे फारूक को मारने का मौका मिला लेकिन प्रयास विफल हो गया। उसने बताया कि वह कोई काम नहीं करता है, दो दुकानें हैं कपड़ों की जिनका किराया आता है। उसी से खर्च चलता है। बताया जाता है कि आरोपी कमल सिंह जम्वाल पुत्र अजीत सिंह जम्वाल पुरानी मंडी का रहने वाला है। यह शुरू से ही राजनीति में सक्रिय रहा है। पहले वह जम्मू-कश्मीर नेशनल पेंथर्स पार्टी में था। तब उसने पार्टी के टिकट पर पुरानी मंडी के वार्ड नंबर 11 से पार्षद का चुनाव लड़ा था।

शादी समारोह में पहुंचे लोगों ने कहा कि पटाखों के धमाके और डीजे की धुन में पहले कुछ पता ही नहीं चला। गहमागहमी और समारोह में हलचल दिखी तो सबका ध्यान घटना पर गया। पटाखों के धमाके और संगीत के शोर के बीच लोगों को जब पता चला तो कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई। संगीत और पटाखों का शोर बंद हो गया। इस बीच, पहुंची पुलिस ने सभी को धैर्य रखने को कहा और जांच में जुट गई। घटनास्थल पर पहुंचे मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी ने कहा कि अल्लाह का करम है, सब बचाव हो गया। सभी की दुआओं से सब सुरक्षित हैं। डॉ. फारूक अब्दुल्ला एकदम ठीक हैं, वे गुरुवार को बात करेंगे। डॉ. फारूक अब्दुल्ला समेत सभी नेता पार्टी के लीगल सेल के सदस्य की बेटी की शादी में पहुंचे थे। वे करीब एक घंटे तक यहां रुके थे। जब सभी वापस लौट रहे थे तभी पीछे से आकर कमल सिंह जम्वाल ने डॉ. फारूक अब्दुल्ला पर पिस्तौल तानी। तभी सुरक्षा कर्मियों ने सतर्कता दिखाते हुए उसे धक्का देकर गिराया। ऐसे में गोली हवा में चल गई।

## ओम बिरला बोले- लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष जरूरी



**दिल्ली।** लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के बाद आज पहली बार आसन पर आए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष का होना अत्यंत आवश्यक है और नेता प्रतिपक्ष को कभी नहीं रोका गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि संसद के नियम सर्वोपरि हैं और कोई भी व्यक्ति नियम से ऊपर नहीं है, चाहे वह प्रधानमंत्री ही क्यों न हों।

ओम बिरला ने बताया कि सदन में पिछले दो दिनों में 12 घंटे से अधिक बहस हुई, ताकि सभी सदस्यों के विचार और चिंताएं सामने आ सकें। उन्होंने कहा यह सदन 14० करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। यहां हर सांसद अपनी जनता की समस्याओं और अपेक्षाओं के साथ आता है। मैंने हमेशा कोशिश की कि हर सांसद नियमों के तहत अपनी बात रखे। मैं हर उस सांसद को बोलने के लिए प्रेरित करने का प्रयास करता रहा जो कम बोलते थे, क्योंकि बोलने से लोकतंत्र का संकल्प मजबूत होता है। उन्होंने सदन को विचारों का जीवंत मंच बताते हुए कहा कि पिछले दो दिन में सभी सदस्यों की बातों को गंभीरता से सुना गया। हर सदस्य का आभारी हूं, चाहे वे आलोचक ही क्यों न रहे हों। यही विशेषता है कि यहां हर आवाज सुनी जाती है। यह आसन किसी व्यक्ति का नहीं है, यह लोकतंत्र की महान भावना का प्रतिनिधि है।

ओम बिरला ने विपक्ष की शिकायतों का भी जवाब दिया। कुछ सदस्यों का कहना था कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने से रोका जाता है। इस पर उन्होंने कहा मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि कोई भी हो, उसे सदन में नियमों के तहत बोलने का अधिकार है। कुछ लोगों का मानना था कि सदन के नेता हर नियम से ऊपर हैं। मैं साफ कर दूं कि ऐसा नहीं है। ये नियम मुझे विरासत में मिले हैं और इन्हें पालन करना अनिवार्य है। चाहे प्रधानमंत्री ही क्यों न हों, नियम 372 के तहत उन्हें पहले अध्यक्ष से अनुमति लेना अनिवार्य है। जब कोई सदस्य इस सदन की मर्यादा के खिलाफ जाते हैं तो मुझे कठोर निर्णय लेने की व्यवस्था देनी पड़ती है। नियमों के तहत किसी भी सदस्य को सदन में बोलने की आजादी तो है, लेकिन नियमों की सीमा में रहकर।

उन्होंने कहा कि चर्चा के दौरान कुछ लोगों ने माइक बंद करने का आरोप लगाया। चेयर के पास माइक बंद करने का बटन नहीं होता। विपक्ष में कई लोग इस चेयर पर बैठते हैं, उन्हें इसके बारे में पता है।

ओम बिरला ने कहा कि महिला सदस्यों को लेकर भी आरोप लगाया गया कि उन्हें मौका कम दिया जाता है। लेकिन मुझे इस बात का गर्व है कि मेरे कार्यकाल में सभी महिला सदस्यों ने अपने विचार रखे हैं। बजट पर चर्चा के दौरान कुछ महिला सदस्यों ने ट्रेजरी बेंच की तरफजाकर नारेबाजी करने की कोशिश की। यह अप्रत्याशित घटना थी, इसलिए मैंने सदन में सत्ता पक्ष के नेता को सदन में न आने का आग्रह किया। मेरी कोशिश रहती है कि भले ही देर रात तक बैठना हो, मैं सबके बोलने के बाद ही सदन से जाता हूं। मुझे खुशी है कि जो भी सदन में बोलना चाहता था, उसे एक साल के अंदर ही मैंने बोलने का मौका दिया।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से मिले अखिलेश यादव, बोले नकली संतों का होगा अंत



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को लखनऊ में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि हम यहां पर आशीर्वाद लेने के लिए आए थे क्योंकि असली संतों से मिलने से नकली संतों का अंत होने जा रहा है।

इस मौके पर उन्होंने भाजपा पर हमलावर होते हुए कहा कि भाजपा के लोग हर अच्छी बात का विरोध करते हैं। जब हमारी सरकार थी तो हमने डेयरी बनवाई थी जिससे गरीबों का लाभ हो और गायों की भी देखभाल हो लेकिन भाजपा के लोग हर अच्छी बात का विरोध करते हैं। सपा की सरकार में पहला काऊ मिल्क प्लांट लगाया गया था जिसे भाजपा की सरकार ने बंद करवा दिया। उन्होंने कहा कि हम पहले भी गाय की भलाई के लिए काम कर रहे थे आगे भी फैसले करेंगे। डिप्टी सीएम को डांटकर बाहर निकाल दिया अखिलेश यादव ने प्रदेश के डिप्टी सीएम को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि भाजपा की बैठक से दोनों डिप्टी सीएम को डांटकर बाहर कर दिया गया। बताया गया कि वहां पर टिकट को लेकर चर्चा होने वाली थी पर ये लोग तो शायद जहां से लड़ें वहां जीते ही न।

अखिलेश यादव ने कहा कि भारत सरकार के गलत फैसले के कारण लोगों को एलपीजी संकट का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को घरों में चूल्हे और भट्ठी जलाना पड़ रहा है। हालत ये है कि मुख्यमंत्री के अपने जनपद में एलपीजी को लेकर मारामारी हो रही है।

# सरेबाजार नाले में मिला मजदूर का शव



**अमर भास्कर ब्यूरों**

**उझानी ।** पंखा रोड बाजार में एक पैलेस के सामने नाले में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव की पहचान इलाके के गांव बेनीनगला निवासी सेवाराम के रूप में हुई। वह नाले में कैसे गिरे, इसे लेकर पसोपेश के बीच पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया है। गांव नगला तैय्यदपुर (बेनीनगला) निवासी 55 वर्षीय सेवाराम पुत्र नवाब सिंह कस्बे में ही कोल्ड स्टोरेज में मजदूरी करते थे। वह मंगलवार शाम पत्नी की आंख की दवा लेने के लिए बदायूं गए थे। उनका कस्बे में भी मकान है, सो परिवार के लोगों ने रात में खोजबीन की रूरत महसूस नहीं की। बेटे अशोक ने बताया कि परिवार के लोगों का लगा कि वह रात में मकान पर रुक गए होंगे। सेवाराम का नाले में उतराता शव मिलने की जानकारी परिवार के लोगों को पुलिस के जरिये मिली।निरीक्षक अपराध गुड्डू सिंह ने बताया कि पुलिस कर्मियों ने नाले से शव निकाला तो उनकी जेब में डायरी मिली थी। डायरी पर परिवार के लोगों के फोन नंबर भी दिखे, जिसके आधार पर ही फोन करके परिवार के लोगों को मौके पर बुला लिया गया। नाले में गिरने से मौत को लेकर पसोपेश के बीच परिवार के लोगों ने बताया कि हकीकत पुलिस की जांच के बाद ही सामने आएगी।

# हाईवे किनारे मॉल में लगी भीषण आग

**अमर भास्कर ब्यूरों**

**बदायूं ।** बदायूं के फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के कस्बा मुड़िया धुरेकी में हाईवे पर स्थित सत्या ट्रेडर्स मॉल में बुधवार देर रात संदिग्ध परिस्थिति में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते मॉल के अंदर रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना से इलाके में अफरातफरी मच गई। आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। बताया जाता है कि देर रात मॉल से अचानक धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। स्थानीय लोगों ने



तत्काल इसकी सूचना थाना पुलिस और दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। आग को बुझाने के लिए दमकल कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बताया जाता है कि देर रात मॉल से अचानक धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना थाना पुलिस और दमकल विभाग को दी।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। आग को बुझाने के लिए दमकल कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कई घंटे तक चले बचाव कार्य के बाद दमकल टीम ने तड़के करीब चार बजे आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक मॉल में रखा अधिकांश सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो चुका था। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन प्राथमिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच में जुट गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार आग लगने से मॉल संचालक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रशासन ने नुकसान का आकलन कराने के साथ ही आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# ससुरालवालों ने पत्नी को नहीं किया विदा



**अमर भास्कर ब्यूरों**

**बदायूं ।** बदायूं में ससुरालवालों ने पत्नी को विदा नहीं किया तो युवक ने बृहस्पतिवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद वह पुलिस को सूचना देने के लिए चल दिया। मंडी समिति पुलिस चौकी के बाहर पहुंचा तो बेहोश होकर गिर गया। यह देख पुलिसकर्मियों के हाथ-पांव फूल गए। उसको जिला अस्पताल पहुंचकर भर्ती कराया। उसके परिवार के लोगों को सूचना दी गई।सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले 24 वर्षीय युवक की शादी लगभग एक वर्ष पहले बिनावर थाना क्षेत्र की युवती से हुई थी। शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में संपन्न कराई गई थी। युवक ने बताया कि शादी से पहले से ही युवती का अपने बहनोई के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी के चलते दंपती के बीच अक्सर झगड़ा होता है। युवक का आरोप है कि शादी के बाद पत्नी पहली होली मनाने के लिए मायके गई थी। बुधवार को युवक अपनी पत्नी को बुलाने के लिए ससुराल गया। ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट कर दी और पत्नी को विदा नहीं किया। साढ़ू ने उसे जेल भिजवाने की धमकी दी। इसी बात से क्षुब्ध होकर बृहस्पतिवार सुबह वह बाइक से अपने घर वापस आ रहा था रास्ते में उसने विषाक्त पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। वह किसी तरह सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मंडी पुलिस चौकी पहुंच गया और बाहर ही गिर गया। मंडी पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने परिजनों को सूचना दी और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# रेस्टोरेंट के पनीर में निकले मांस के टुकड़े

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली ।** बरेली के फरीदपुर कस्बा स्थित शान फैमिली रेस्टोरेंट में पनीर की सब्जी में मांस के टुकड़े मिलने का आरोप लगाकर ग्राहक ने हंगामा कर दिया। रेस्टोरेंट संचालक पर धर्म भ्रष्ट करने का आरोप लगाया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक के खिलाफशांतिभंग की कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला परा ठाकुरान गढ़ी निवासी विक्रम सिंह ने पुलिस को बताया कि वह दोस्त के साथ



फरीदपुर बड़े बाइपास पर भूरेखां गौटिया स्थित शान फैमिली रेस्टोरेंट में खाना खाने गए थे। उन्होंने पनीर की सब्जी और रोटी ऑर्डर की। आरोप लगाया कि खाना खाने के दौरान पनीर में मांस के टुकड़े निकले। विक्रम सिंह ने धर्म भ्रष्ट करने का आरोप लगाते हुए विरोध किया। ग्राहक और रेस्टोरेंट संचालक के बीच कहासुनी हो गई। वहां हंगामा हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक शान अली को हिरासत में लेकर शांति भंग में कार्रवाई की। सूचना मिलने के बाद विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। इन लोगों का कहना था कि रेस्टोरेंट में वेज और नॉनवेज एक ही ग्रेवी में पकाई जाती हैं। फरीदपुर सीओ संदीप सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है।

## सार-संक्षेप

# हिन्दू नव वर्ष पर आयोजित होगा भव्य देवी जागरण का कार्यक्रम

**अमर भास्कर ब्यूरों**

**सिद्धार्थनगर।** हिन्दू युवा वाहिनी की एक आवश्यक बैठक गुरुवार को शिव शक्ति मंदिर इटवा में आयोजित की गयी। जिसमें हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में इटवा मे आयोजित होने वाले भव्य देवी जागरण कार्यक्रम को लेकर चर्चा किया गया। हियुवा कार्यकर्ताओ से आवाह्न किया गया की अपनी जिम्मदारी का निर्वाहन करे।

जिसमें मुख्य रूप से ?संजय मिश्र नि. जिला महामंत्री संगठन हिन्दू युवा वाहिनी जनपद सिद्धार्थनगर, अशोक कुमार पाण्डेय पूर्व ब्लॉक प्रभारी हिन्दू युवा वाहिनी भनवापुर, आचार्य अवधेश कुमार पाठक, रामेंन्र्दनाथ मिश्र,वेदप्रकाश एडवोकेट, गणेश विश्वकर्मा मंडल महामंत्री भाजपा भनवापुर, विजय विश्वकर्मा, विरेन्द्र पाठक उर्फ दिवाना, भगवान दीन मौर्य, रामबली चौधरी, कांशीराम गौतम, हजारी प्रसाद गुप्ता, राकेश मिश्र , धर्मेंद्र गौतम, बब्बू चौहान, राम अचल यादव, राम बहाल, रामतेज तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर चोरी करने वाले तीन आरोपी व दो नाबालिग पकड़े



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा ।** थाना एत्माद्दौला पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों और दो बाल अपचारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की नकदी और आभूषण भी बरामद किए हैं। प्रभारी देवेंद्र दुबे द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि मोतीमहल, यमुना ब्रिज निवासी नितिन कुमार ने मंगलवार को थाना एत्माद्दौला में तहरीर दी थी कि उनके ससुर के निधन के कारण रविवार रात करीब 10 बजे से 12 बजे तक परिवार घर से बाहर था। वापस लौटने पर देखा कि घर की छत का जाल टूटा हुआ था और अंदर अलमारी का ताला टूटा पड़ा था। अलमारी में रखी करीब 90 हजार से एक लाख रुपये की नकदी और आभूषण चोरी हो गए थे। मामले में थाना एत्माद्दौला में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम ने जांच शुरू की। एसीपी छत्ता शेषमणि उपाध्याय निर्देशन में प्रभारी देवेंद्र कुमार दुबे के नेतृत्व में डिवीजन चौकी इंचार्ज अरुण कुमार ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को घटना में शामिल तीन आरोपियों और दो बाल अपचारियों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपियों में मोनू (20), कुनीत (19) और समीर (21) निवासी मोतीमहल शामिल हैं, जबकि दो नाबालिग भी पकड़े गए हैं। अरुण कुमार ने आरोपियों के पास से कुल 48,500 रुपये नकद, दो पायजेब, एक चौन, 17 बिछिया और सफेद धातु की सांई बाबा की मूर्ति बरामद की है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# हम सम्पूर्ण मानवता को मादक पदार्थों से बचाने के लिए अपनी भूमिका को अन्जाम दें

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा ।** क्षेत्रीय मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी श्री आलोक कुमार ने अवगत कराया है कि आधुनिक युग में हमारा देश विभिन्न क्षेत्रों में नित्य नई प्रगति कर रहा है, परन्तु हम देखते है कि हमारे समाज में पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव भी तेजी से बढ रहा है, जिस कारण भारतीय समाज में नशे का प्रचलन भी तेजी से फैल रहा हैं। प्राचीन भारत में मदिरा का सेवन घृणित कार्य माना जाता था, लेकिन आधुनिक युग में शराब का सेवन प्रतिष्ठि माना जाता हैं। आज के नवयुवक इस नशे के आदी होते जा रहें है, जिससे यह आदत उनके शारीरिक व मानसिक पतन का कारण बन रही हैं। मादक पदार्थों व मदिरा के बढ़ते प्रचलन से चिन्तित विश्व स्वास्थ्य संगठन के आकड़ों पर गौर करें, तो लगभग 25 लाख व्यक्ति अल्कोहल के सेवन से हार्टअटैक, व लीवर की खराबी, सड़क दुर्घटना, आत्महत्या तथा कैंसर जैसे रोगों से जान गवा देते हैं, जो वर्ष में होने वाली सामान्य मौतों का 3.8 प्रतिशत है। आज कोई भी उत्सव मदिरा के बिना पूरा नही माना जाता। इस कार्य में पुरूषों के साथ महिलाओं द्वारा भी मादक पदार्थों का सेवन शुरू कर दिया है, जिसकी संख्या लगभग 30 प्रतिशत के करीब है। इग्लैण्ड में शोधकर्ताओं के शोध के आधार पर निष्कर्ष निकाला है कि व्यक्ति को मादक पदार्थों के सेवन से ज्यादा शराब तीन गुना हानिकारक है।

उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि किसी भी समाज अथवा देश का नशीला वातावरण उस समाज की शक्ति, साहस मानमर्यादा, राजनैतिक व नैतिकता के आगे प्रश्नचिन्ह लगाता है। हमारे देश में भी हालात चिन्ता जनक है, पिछले दशक मे यहा मदिरा का कुल अधिकतम उत्पादन दस गुना बढ़ गया है। प्राचीन समय में चिकित्सा जगत में चिकित्सक नशे की लत को सामान्य संवेगात्मक बिखराव के रूप में मानते थे, वर्षों तक अनेक देश इस समस्या से जूझते रहे, लेकिन अब चिकित्सा जगत ने यह स्वीकार कर लिया है कि मद्यपान ही वास्तविक समस्या है,अथवा कोई और नहीं। प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह लोगों को इसके दुष्परिणामों से अवगत करायें चिकित्सकों का इसमे सबसे बड़ा योगदान होना चाहिये, उन्हें जगह-जगह कैम्प लगाकर इसके बारे में लोगों को जानकारी प्रदान करनी चाहिए, और नशा निवारण केन्द्र खोले जायें।

# चार हजार करोड़ रुपये से बरेली की सूरत बदलेगा बीडीए

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली ।** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) चार हजार करोड़ की नौ परियोजनाओं से शहर की सूरत बदलने की तैयारी में है। ग्रेटर बरेली आवासीय योजना में 60 करोड़ रुपये से एक हजार एलआईजी और ईडब्ल्यूएस भवनों का निर्माण होगा। 125 हेक्टेयर जमीन पर 2,800 करोड़ से औद्योगिक टाउनशिप विकसित की जाएगी। बीडीए प्रदेश का ऐसा पहला प्राधिकरण होगा जो अपनी औद्योगिक टाउनशिप विकसित करेगा। मुख्यमंत्री इसी माह बीडीए की नौ परियोजनाओं का शिलान्यास कर सकते हैं। रामगंगानगर आवासीय योजना के सेक्टर आठ में 56.78 करोड़ से जल मनोरंजन उद्यान व 34.73 करोड़ रुपये से स्पेस म्यूजियम का भी निर्माण कराया जाएगा। ग्रेटर बरेली योजना के सेक्टर-10 में 31.13 करोड़ से 500 एलआईजी और 28.22 करोड़ रुपये से 500 ईडब्ल्यूएस भवन बनाए जाएंगे। ग्रेटर बरेली के सेक्टर सात में 30.40 करोड़ रुपये की लागत से नाथ पंथ म्यूजियम का निर्माण भी होगा। 14.79 करोड़ रुपये से अधिकारियों के आवास भी बनाए जाएंगे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में डॉक्टर्स ने मरीजों को देखा

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।**आत्माराम महाविद्यालय अलापुर बदायूं में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठवें दिन स्वयं सेविकों की इकाइयों ने नगर की बस्ती में अनपढ़ बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों को अक्षर ज्ञान कराया। कार्यक्रम अधिकारी सत्येंद्र सिंह, डा.अवधेश आर्य के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक उपचार, बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डा.आर पी सिंह और डा. शिल्पी ने अस्वस्थ लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां बितरित कीं। मोहम्मद रेहान मलिक ने प्राथमिक उपचार और स्वास्थ्य संरक्षण और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। प्राचार्य डा. विशेष कुमार ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य मानव जीवन के लिए सर्वश्रेष्ठ धन है। महाविद्यालय के संस्थापक डा.मनीराम मिश्र ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वास्थ्य मस्तिष्क निवास करता है। इस मौके पर देवेश कुमार शुक्ला, मंजू बाजपेई, ललित कुमार, बैकुंठ नारायण सिंह, महेन्द्र पाल आदि मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट ने डीएम-एसएसपी को किया तलब

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बरेली में एक घर में नमाज पढ़ने पर पुलिसिया कार्रवाई और उसके बाद पीड़ित को मिलीं धमकियों को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य को अवमानना का दोषी मानते हुए 23 मार्च को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। कहा है कि तय समय पर उपस्थित नहीं होते हैं तो गैर-जमानती वारंट जारी किया जाएगा। यह आदेश न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने तारिक खान की याचिका पर दिया है। बुधवार को मामले की सुनवाई



के दौरान घर के मालिक हसीन खान ने अदालत के सामने बयान दर्ज कराया। बताया कि 16 जनवरी 2026 को परिवार के साथ वह घर में नमाज पढ़ रहे थे, तब पुलिस उन्हें उठाकर ले गई और उनका चालान कर दिया। हसीन खान ने आरोप लगाया कि उन पर दबाव बनाया गया। धमकी दी गई कि यदि उन्होंने अदालत में सच बोला तो घर पर बुलडोजर चला दिया जाएगा। यह भी खुलासा किया कि वह अनपढ़ हैं और पुलिस ने उन्हें गांव के बाहर ले जाकर घेर लिया। जबरन एक लिखित दस्तावेज पर उनका अंगूठा लगवा लिया, जिसे वह पढ़ नहीं सके थे। कोर्ट ने इन आरोपों को देखते हुए आदेश दिया है कि हसीन खान को तत्काल प्रभाव से 24 घंटे दो सशस्त्र गार्डों की सुरक्षा प्रदान की जाए। हाईकोर्ट ने यह भी साफ कर दिया है कि यदि हसीन खान या उनकी संपत्ति को कोई नुकसान पहुंचता है तो इसके लिए सीधे तौर पर राज्य सरकार को जिम्मेदार माना जाएगा। इस आदेश की प्रति महाधिवक्ता कार्यालय को भेज दी जाए, ताकि पीड़ित को आज से ही सुरक्षा मुहैया कराई जा सके।

# आगरा व फिरोजाबाद के अधिकारियों के साथ समिति बैठक कर करेगी विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की नियम पुनरीक्षण समितिष का मा.सभापति श्री हरि ओम पाण्डेय जी के सभापतित्व में अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम 14 मार्च को आगमन प्रस्तावित है। जनपद मथुरा से चलकर नियम पुनरीक्षण समिति के माननीय सदस्य आगरा पहुंचेंगे जहां सर्किट हाउस में जनपद आगरा तथा फिरोजाबाद के अधिकारियों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा करेंगे। उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के नियम पुनरीक्षण समिति की बैठक समीक्षा में विगत 03 वर्ष में जनपद में मा० सदस्य विधान परिषद् व मा० सदस्य विधान सभा से प्राप्त होने वाले पत्रों के पंजीयन हेतु शासनादेशानुसार उनके अलग रजिस्टर पर अंकित करके कार्यवाही किये जाने के संबंध में क्या व्यवस्था है, व कितने पत्रों का उत्तर दिया गया तथा कितने पत्र कार्यवाही हेतु लंबित हैं,मा० सदस्य विधान परिषद्धिवधान सभा के विकास निधि से होने वाले कार्यों को प्रारम्भ करने की प्रक्रिया तथा पूर्ण करने की समय सीमा क्या है? क्या समय सीमा के निर्धारण में शासनादेशों का अनुपालन किया जा रहा है। जनपद में पिछले तीन वर्षों में विधायक निधि द्वारा कितने कार्य किये गये, जिले में श्एक जिला एक उत्पाद के सबंध में क्या लक्ष्य है और उसके संबंध में क्या प्रगति हुई है, पिछले तीन वर्षों में जिले में विधान परिषद् की किन-किन समितियों की बैठक हुई और उनके कितने निर्देशों का अनुपालन किया गया, विगत तीन वर्षों मे विधान परिषद् के कितने अल्पसूचित तारांकित अतारांकित प्रश्न के उत्तर भेजे गए, विगत तीन वर्षों में विधान परिषद् के नियम 115,105,110 तथा 111 की कितनी सूचनाओं का उत्तर भेजा गया।उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की कितनी याचिकायें प्राप्त हुई और उसके सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही की गई, विशेषाधिकार हनन के कितने मामले लम्बित है,विगत तीन वर्षों में विधान परिषद्धिवधान सभा के कितने मा० सदस्यों के संस्तुति शिकायती पत्र प्राप्त हुए और उन पर अब तक क्या कार्यवाही की गई, मा० विधायकों के प्रोटोकाल के उल्लंघन के कितने मामले लंबित है जैसे बिंदुओं पर समीक्षा की जाएगी।1

# आलू-सरसों के बाद किसान कर लें ये फसल, पशुओं के लिए चारे की नहीं होगी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा ।** आलू और सरसों की कटाई के बाद खाली पड़े खेतों में किसान ग्रीष्मकालीन बाजरे की बुवाई कर अतिरिक्त धन कमा सकते हैं। यह फसल कम लागत और कम समय में 30-40 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक उत्पादन दे सकती है। जनपद में आलू और सरसों की फसल कटने के बाद मार्च में अधिकांश खेत खाली हो जाते हैं। ऐसे में किसान सिंचाई की सुविधा होने पर ग्रीष्मकालीन बाजरा की बुवाई कर सकते हैं। यह फसल 65 से 75 दिनों में तैयार होकर अतिरिक्त आय देती है। आरबीएस कॉलेज कृषि संकाय के प्रोफेसर राजवीर सिंह के अनुसार,



ग्रीष्मकालीन बाजरा कम अवधि और लागत में अच्छी पैदावार देता है। यह जलवायु परिवर्तन की परिस्थितियों में एक सुरक्षित विकल्प है।

खरीफ में बाजरा बारिश, जलभराव और कीट-रोगों से प्रभावित होता है। गर्मियों में सिंचाई से नमी का संतुलन बनाए रखना आसान होता है। इससे फसल की बढ़वार समान रहती है और दाना भराव बेहतर होता है। इस मौसम में कीट-रोग और खरपतवार का प्रकोप भी कम रहता है। यह फसल 30-40 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक उत्पादन दे सकती है।

## संपादकीय

### अनंतता का सूत्र? और हमारी खोजों की अपरंपार यात्रा



अनंतता की रहस्यमयी गहराइयों में एक अंक चमकता है, जो हर वृत्त, हर आकार और हर गणितीय रहस्य में जीवन फूँकता है? (पाई)। यह दिन सिर्फ एक उत्सव नहीं है, यह कल्पना, खोज और असीम संभावनाओं का जश्न है, जहाँ हर संख्या अपने भीतर ब्रह्मांड के अद्भुत रहस्यों को संजोए हुए है। वह अद्भुत शक्ति है जो वृत्तों की परिधि और व्यास के बीच की रहस्यमयी संगति को उजागर करती है, सूर्य और चंद्रमा की गोलाई में छुपी सटीकता को सामने लाती है, और हमारे रोजमर्रा के जीवन में छुपे गणितीय जादू को उजागर करती है। यह दिन हमें उस जादुई गणितीय लोक में ले जाता है, जहाँ संख्याएँ नृत्य करती हैं, कल्पना की कोई सीमा नहीं होती, और हर खोज हमें नए रहस्यों और अनोखे दृष्टिकोणों की ओर ले जाती है।

एक ऐसा अंक, जो अनंत तक फैला हुआ है और हर गणितीय रहस्य में अपनी छाप छोड़ता है? (पाई)। 3.1415926533 केवल संख्याओं का क्रम नहीं, बल्कि एक कविता की तरह निरंतर बुनाई है, जिसमें कोई दोहराव नहीं और कोई अंत नहीं। यह हर वृत्त की आत्मा हैकृचाहे वह पृथ्वी का आकार हो, सूर्य का गोलापूर्ण प्रकाश, या आपके हाथ में एक साधारण सिक्का। प्राचीन सभ्यताओं ने इसे समझने की कोशिश कीकृमिस्त्र, बेबीलोन, और यूनानी दार्शनिक आर्किमिडीज तक सभी इसके जादू से मोहित थे। भारत के महान गणितज्ञ आर्यभट्ट और माधव ने इसे और परिष्कृत किया, और विज्ञान को नए आयाम दिए। कभी हाथ से लाखों अंकों तक गणना हुई, और आज सुपरकंप्यूटर खरबों अंकों तक इसकी गुत्थियाँ सुलझा रहे हैं। ? की यह अनंतता मानव जिज्ञासा की अनवरत चुनौती हैकृयह कहती है, और आगे बढ़ो, और जानो।

यह केवल एक संख्या नहीं, बल्कि ब्रह्मांड की अदृश्य शक्ति हैकृ? (पाई)। यह केवल गणितज्ञों का खेल नहीं, बल्कि यह वह रहस्यमयी ताकत है जो ग्रहों की कक्षाओं को मापती है, अंतरिक्ष यानों को उनके लक्ष्य तक पहुँचाती है, और तकनीक की दुनिया में हर महत्वपूर्ण संरचना को आकार देती है। नासा और स्पेसएक्स जैसे मिशनों में ? की गणना प्रत्येक उड़ान का मार्गदर्शन करती है। इंजीनियरिंग में यह पुलों, ऊँची इमारतों और सुरंगों की डिजाइन को परिपूर्ण बनाती है। तकनीकी उपकरणकृजीपीएस, सैटेलाइट और स्मार्टफोनकृ? के बिना अधूरे हैं। चिकित्सा विज्ञान में भी यह अद्भुत हैकृएमआरआई की जटिल गणनाओं से लेकर शरीर के बायोमेट्रिक विश्लेषण तक, ? हर कदम पर हमारे साथ है। यह विज्ञान की नींव को मजबूत करता है और मानव सभ्यता को प्रगति के नए आयामों की ओर ले जाता है।

एक संख्या के जश्न के लिए पूरे विश्व में एक दिन समर्पित है – 14 मार्च, जब? (पाई) का उत्सव मनाया जाता है। यह तारीख 3.14 के प्रारंभिक अंकों से मेल खाती है, और इसी छोटे क्रम ने 1988 में भौतिक विज्ञानी लैरी शॉ को इस दिन को उत्सव के रूप में चिह्नित करने के लिए प्रेरित किया। तब से यह केवल एक दिन नहीं, बल्कि गणित और विज्ञान के प्रति उत्साह और जिज्ञासा का प्रतीक बन गया है। दुनिया भर में इसे मनाने के अनगिनत तरीके हैंकृअमेरिका में पाई खाने का मजा, जहाँ शब्द का स्वाद एक साथ मिलता है। गणितीय पहेलियाँ? के अंकों को याद करने की प्रतियोगिताएँ (70,000 से अधिक अंकों तक का रिकॉर्ड), और विज्ञान के प्रयोग इस दिन को जीवंत और रोमांचक बनाते हैं। यह दिन सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि ज्ञान और जिज्ञासा के अनंत पथ की दिशा दिखाता है। हर चीज में छिपा है एक अदृश्य जादूकृ? (पाई)। यह सिर्फ गणित की दुनिया तक सीमित नहीं, बल्कि यह हमारे जीवन के हर पहलू में मौजूद हैकृसुबह की घड़ी के गोल चेहरे में, कार के पहियों की घूमती परिधि में, संगीत की तरंगों में, और दोस्तों को भेजी गई।

**लेखिका:**
**कृति आरके जैन**

# संकट के समय देश को आम नागरिक के सहयोग की आवश्यकता

वर्तमान समय में वैश्विक परिदृश्य अत्यंत तनावपूर्ण बना हुआ है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव और युद्ध की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच चल रहा टकराव थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस संघर्ष ने न केवल क्षेत्रीय बल्कि वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता को बढ़ा दिया है।

बताया जा रहा है कि इस संघर्ष में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद हालात और अधिक जटिल हो गए। अमेरिका को यह उम्मीद थी कि इस घटना के बाद ईरान के भीतर असंतोष और विद्रोह की स्थिति उत्पन्न होगी, किंतु घटनाक्रम इसके विपरीत दिखाई दिया। ईरान की सत्ता व्यवस्था ने उनके पुत्र मुजतबा खामेनेई को सर्वोच्च नेतृत्व की जिम्मेदारी देकर एकजुटता का संदेश दिया है।

ईरान के शिया समुदाय में धार्मिक और वैचारिक स्तर पर नेतृत्व के प्रति गहरी आस्था देखी जाती है। इसी कारण वहां के लोगों ने इस घटना को शहादत के रूप में देखा और सत्ता के प्रति समर्थन बनाए रखा। यह भी स्पष्ट हो गया कि किसी देश के शीर्ष नेतृत्व को समाप्त कर देने से वहां अराजकता फैल जाएगी, यह धारणा हमेशा सही साबित नहीं होती। इस बीच ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने स्पष्ट कहा है कि अमेरिका के साथ वार्ता के माध्यम से समझौते की संभावना लगभग समाप्त हो चुकी है। उनके अनुसार, जब पहले किए गए समझौतों का सम्मान नहीं किया गया और सैन्य हमले जारी रहे, तो ऐसे माहौल में संवाद की गुंजाइश कम रह जाती है।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस



संघर्ष में सैन्य रणनीतियों और सुरक्षा तंत्रों की भी कड़ी परीक्षा हो रही है। ईरान ने अपनी रक्षा व्यवस्था को विकेंद्रीकृत करते हुए डिसेंट्रलाइज्ड मोजेक डिफेंस सिस्टम जैसी अवधारणा विकसित की थी, जिसके तहत देश को कई हिस्सों में विभाजित कर स्थानीय स्तर पर रक्षा तंत्र को सक्रिय रखने की व्यवस्था बनाई गई। यही कारण है कि किसी भी संभावित हमले की स्थिति में भी प्रतिरोध जारी रखने की क्षमता बनी रहती है।

इस युद्ध का प्रभाव केवल संबंधित देशों तक सीमित नहीं है। इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा बाजार पर भी पड़ रहा है। भारत सहित कई विकासशील देश खाड़ी क्षेत्र से ऊर्जा आयात पर काफी हद तक निर्भर हैं। भारत अपने एलपीजी और कच्चे तेल की बड़ी मात्रा इन्हीं क्षेत्रों से प्राप्त करता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों का 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंचना चिंता का विषय बन गया है।

सरकार ने स्थिति को देखते हुए आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। इतिहास गवाह है कि संकट के समय समाज के दो रूप सामने आते हैं। एक ओर वे लोग होते हैं जो अपनी जान की परवाह किए बिना दूसरों की सहायता के लिए आगे आते हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो कठिन परिस्थितियों में भी मुनाफाखोरी का रास्ता अपनाते हैं।

हमने COVID-19 Pandemic के दौरान भी ऐसा ही देखा था, जब कुछ लोग जरूरतमंदों की मदद कर रहे थे तो कुछ लोग मास्क और सैनिटाइजर तक ऊंचे दामों पर बेचने से नहीं चूक रहे थे। इसलिए आज भी आवश्यकता है कि नागरिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का परिचय दें। यदि वैश्विक स्तर पर चल रहे संघर्ष लंबे समय तक जारी रहते हैं, तो ईंधन और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। ऐसे में नागरिकों को घबराहट में अनावश्यक वस्तुओं का संग्रह करने से बचना चाहिए। पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और अन्य जरूरी वस्तुओं की कालाबाजारी से दूर रहना तथा अफवाहों और फेक न्यूज से बचना भी उतना ही जरूरी है। सरकार के लिए भी यह समय आत्ममंथन का है। किसी एक क्षेत्र या देश पर अत्यधिक निर्भरता आर्थिक व्यवस्था को संकट में डाल सकती है। इसलिए ऊर्जा, उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

यदि हम सामूहिक जिम्मेदारी और दूरदर्शिता के साथ आगे बढ़ते हैं, तो न केवल इस संकट का सामना कर सकेंगे बल्कि एक मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में भी उभरेंगे। यही मार्ग हमें विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में स्थान दिलाने और विश्व गुरु बनने की दिशा में आगे ले जा सकता है।

**लेखिका:**
**शिवानी सिंह**
**शोधार्थी, लखनऊ विश्वविद्यालय**

# अफवाहों से ऊपर उठकर भरोसा रखें, वैश्विक संकट के बीच सरकार

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और युद्ध की परिस्थितियों का असर अब दुनिया के कई देशों की तरह भारत में भी दिखाई देने लगा है। हाल के दिनों में देश के अलग-अलग हिस्सों से रसोई गैस यानी एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत की खबरें सामने आ रही हैं। कई शहरों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लगने की तस्वीरें सामने आई हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में लोगों के बीच चिंता का माहौल दिख रहा है। कुछ स्थानों पर कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण होटल-रेस्टोरेंट संचालकों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इन खबरों के बीच अफवाहें भी तेजी से फैल रही हैं, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ रही है।

लेकिन ऐसे समय में संयम और भरोसा बनाए रखना सबसे जरूरी है। देश की सरकार और संबंधित एजेंसियां स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं और आपूर्ति को सामान्य बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठा रही हैं। संकट के समय अफवाहों पर भरोसा करने के बजाय आधिकारिक जानकारी पर विश्वास करना ही समझदारी का परिचय है।

दरअसल पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित किया है। समुद्री मार्गों से तेल और गैस की सप्लाई में बाधाएं आने के कारण कई देशों को आपूर्ति प्रबंधन में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत भी दुनिया के अन्य देशों की तरह इस वैश्विक परिस्थिति से पूरी तरह अलग नहीं रह सकता। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय हालात का प्रभाव यहां भी महसूस होता है।

हालांकि इन चुनौतियों के बावजूद केंद्र सरकार ने स्थिति को संभालने के लिए त्वरित कदम उठाए हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय ने तेल कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय समिति बनाई है जो लगातार गैस की उपलब्धता और वितरण की समीक्षा कर रही है। इसके साथ ही आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों को लागू कर जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि किसी भी स्थिति में आम उपभोक्ताओं के हितों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी।

घरेलू गैस उपभोक्ताओं की जरूरतों को प्राथमिकता देने के लिए कुछ अस्थायी व्यवस्थाएं भी की गई हैं। कई जगहों पर कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई सीमित कर दी गई है ताकि घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता प्रभावित न हो। इसके साथ ही सिलेंडर की बुकिंग और डिलीवरी में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ओटीपी और बायोमेट्रिक सत्यापन जैसे कदम भी उठाए गए हैं। इन उपायों का उद्देश्य यही है कि गैस की जमाखोरी रोकी जा सके और वास्तविक उपभोक्ताओं तक सिलेंडर पहुंचे।

इन परिस्थितियों में कुछ लोगों के बीच घबराहट की स्थिति भी बनती दिखाई दे रही है। कई स्थानों पर लोग जरूरत से ज्यादा सिलेंडर बुक कराने या जमा करने की कोशिश कर रहे हैं। यही स्थिति असली संकट को और बढ़ा देती है। जब लोग अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडर जमा करने लगते हैं, तो वास्तविक जरूरतमंद उपभोक्ताओं तक आपूर्ति पहुंचने में दिक्कत होती है। इसलिए सरकार ने बार-बार अपील की है कि लोग घबराहट में अतिरिक्त सिलेंडर बुक न करें और अफवाहों से दूर रहें। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद मोडिबने भी लोगों से शांति और संयम बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का असर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर जरूर पड़ रहा है, लेकिन भारत सरकार हर स्थिति में इंडिया फर्स्ट की नीति के तहत काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल सही व सत्यापित जानकारी पर भरोसा करें। उनका यह संदेश बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि संकट के समय घबराहट से ज्यादा नुकसान होता है।

भारत ने ऊर्जा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी शुरू कर दी हैं। खबर है कि भारत ने रूस से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीदने का फैसला किया है, ताकि भविष्य में आपूर्ति की कमी न हो। भारतीय कंपनियों ने रूसी तेल के कई सौदे किए हैं और कई तेल टैंकरों ने अब भारतीय बंदरगाहों की ओर रुख कर लिया है। इससे आने वाले समय में ऊर्जा आपूर्ति को स्थिर बनाए रखने में मदद मिलने की उम्मीद है।

इतिहास गवाह है कि भारत ने इससे पहले भी कई वैश्विक संकटों का मजबूती से सामना किया है। चाहे महामारी का दौर रहा हो, आर्थिक चुनौतियां हों या अंतरराष्ट्रीय तनाव हर बार देश ने संयम और सामूहिक सहयोग के बल पर परिस्थितियों को संभाला है। आज भी यही जरूरत है कि नागरिक सरकार के प्रयासों पर भरोसा रखें और जिम्मेदार व्यवहार करें। यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि किसी भी बड़े देश में आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह एक समान नहीं होती। कुछ क्षेत्रों में अस्थायी बाधाएं आ सकती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि पूरे देश में स्थायी संकट खड़ा हो गया है। वितरण व्यवस्था को संतुलित करने में समय लग सकता है, लेकिन सरकार और कंपनियां लगातार इस दिशा में काम कर रही हैं। संकट के समय समाज की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। जरूरत से ज्यादा खरीदारी या जमाखोरी से बचना, अफवाहें न फैलाना और दूसरों को भी सही जानकारी देना हर नागरिक का कर्तव्य है। यदि हर व्यक्ति संयम बरते तो किसी भी अस्थायी कठिनाई को आसानी से दूर किया जा सकता है।

## खेल-खिलाड़ी

# दबाव वाली परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेना पसंद, जसप्रीत बुमराह ने खोले राज

**अहमदाबाद।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टी-20 विश्व कप में खिताब का बचाव करना अपने करियर के सबसे संतोषजनक अनुभवों में से एक करार देते हुए कहा कि उन्हें दबाव वाली परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेना अच्छा लगता है। बुमराह ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध रविवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में चार विकेट लेकर भारत की 96 रन से जीत में अहम भूमिका निभाई। इससे भारत टी-20 विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने और तीन बार यह ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बन गई।



भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें बुमराह ने कहा कि मैं पर्दे के पीछे नहीं रहना चाहता हूं। मैं हमेशा सक्रिय रूप से भाग लेना चाहता हूं। मुझे शुरू से ही चुनौतियां पसंद हैं। बुमराह को फाइनल में शानदार प्रदर्शन करने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। उन्होंने कहा कि मैंने क्रिकेट इसी मकसद से खेला है। मैंने क्रिकेट खेलना इसी मकसद से शुरू किया था। जब मैं कुछ बदलाव लाता हूं तो मुझे बहुत खुशी मिलती है। इससे बेहतर कोई अहसास नहीं है। गुजरात में जन्में इस तेज गेंदबाज के लिए यह जीत भावनात्मक रूप से और भी महत्वपूर्ण थी, क्योंकि यह जीत उसी स्थान पर मिली जहां से उनके क्रिकेट करियर की शुरुआत हुई थी। बुमराह ने कहा कि मैंने यहीं से क्रिकेट खेलना शुरू किया। मैंने अपना अधिकतर क्रिकेट यहीं खेला है। मैं यहीं गुजरात के लिए खेलते हुए आगे बढ़ा। यहीं विश्व कप जीता और मैन ऑफ द मैच बना। पिछली बार ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध वनडे विश्व कप 2023 का फाइनल हम बस थोड़ा सा चूक गए थे, लेकिन इस बार जीत हासिल करने में सफल रहे। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं। बुमराह ने खिताबी जीत के दौरान अपने परिवार की मौजूदगी के बारे में भी बात की और उस पल को बेहद निजी बताया।

# जीत के बाद गौतम गंभीर ने भारतीय टीम से कहा...

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल में रविवार को भारतीय टीम ने न्यू जीलैंड को 96 रन से शिकस्ता दी थी। इसके साथ ही टीम इंडिया ने इतिहास रच दिया था। भारतीय टीम ने तीसरी बार टी20 विश्वा कप खिताब जीता था। जीत के बाद हेड कोच गौतम गंभीर ने भारतीय टीम से क्या 2 कहा था, इस बात का खुलासा अब भारतीय कप्तोन सूर्यकुमार यादव ने किया है।




एक समाचार पत्र से बातचीत में सूर्या ने कहा कि गंभीर ने ट्रॉफी को खिलाड़ियों के सामने रखा और कहा कि यही सबसे महत्वपूर्ण चीज है। भारतीय कोच ने कहा कि अंत में सबसे ज्यादा मायने वही ट्रॉफी रखेंगी जो उन्होंने साथ मिलकर जीती हैं।

सूर्यकुमार ने कहा, गौती भाई ने ट्रॉफी हमारे सामने रखी और कहा, हमारे ड्रेसिंग रूम में सबसे महत्वपूर्ण चीज यही है, बाकी कुछ मायने नहीं रखता। आप कितने रन बनाते हैं, लोग भूल जाएंगे। लेकिन वे इस ट्रॉफी को हमेशा याद रखेंगे। हमें इस बात के लिए याद किया जाएगा कि हमने एक टीम के रूप में कितनी चौंपियनशिप जीती हैं। आप 100 द्विपक्षीय मैच जीत सकते हैं, कोई याद नहीं रखेगा। यही बात हमें प्रेरित करती है।षंभीर मैचों के दौरान हमेशा सीरियस रहते हैं। सूर्यकुमार से पूछा गया कि क्या टीम का प्रदर्शन देखकर गंभीर मुस्कुरा रहे थे? स्काुई ने कहा, ष्पहले चार मैचों में हमने उन्हें हंसने का मौका ही नहीं दिया, लेकिन उसके बाद मुझे लगता है कि इस टीम को देखकर वे बहुत खुश थे। मुझे नहीं लगता कि भारत में किसी भी टी20 टीम ने कभी इस तरह बल्लेबाजी की है, 250, 256 रन बनाए हैं और लक्ष्य का पीछा भी अच्छे से किया है। मुझे लगता है कि फाइनल के बाद ही वे सबसे ज्यादा मुस्कुराए।

## गजल

दिल की हर धड़कन में इक अरमान तुम्हारा है,
मेरे हर ख्वाब में बस नाम तुम्हारा है।

रात खामोश सही, चाँद भी कुछ कहता है,
इस सन्नाटे में भी पैगाम तुम्हारा है।

दूर रहकर भी तुम दिल से कहाँ दूर हुए,
मेरी हर याद पे इल्जाम तुम्हारा है।

जिन्दगी धूप भी है, छाँव भी है राहों में,
मेरी हर राह का आराम तुम्हारा है।

प्यार सच्चा हो तो लफ्जों की जरूरत क्या है,
मेरी ख़ामोशी में भी सलाम तुम्हारा है।

दिल की स्याही से जो गजलें लिखी प्रतिमा ने।
उसके हर मक्ते में बस नाम तुम्हारा है।



**लेखिका:**
**प्रतिमा पाठक, दिल्ली**


# अमर भास्कर

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्मद राशिद
- उप संपादक : जहाँगीर भारती
- दिल्ली प्रभारी : प्रतिमा पाठक



हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।
**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***



अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**
**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं (उ.प्र.)।**
**पिन कोड-243601**
*Email- amarbhashkar21@gmail.com*
*Whatsapp. No. 9411214614*

# जलभराव की समस्या को लेकर व्यापारियों ने ईओ से की वार्ता



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** चंदौसी तहसील के मोहल्ला सीकरी गेट में पिछले 40 दिनों से चल रहे नाले के निर्माण कार्य के कारण इलाके में जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है। इस समस्या से स्थानीय व्यापारियों का कारोबार पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसी को लेकर गुरुवार शाम करीब 4 बजे अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकर्ताओं और व्यापारियों ने नगर पालिका के ईओ धर्मराज से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। व्यापारियों ने बताया कि नाले के निर्माण के चलते सड़क पर पानी भर रहा है, जिससे दुकानों पर ग्राहक नहीं पहुंच पा रहे हैं और व्यापार ठप पड़ गया है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बुधवार को हुई एक दुखद घटना का भी जिक्र किया। जिसमें एक ई-रिक्शा चालक की नाले के पानी में गिरकर मौत हो गई थी। इस मामले में उन्होंने मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग भी की। व्यापारियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द जलभराव की समस्या का समाधान कराने और नाले के निर्माण कार्य को तेजी से पूरा कराने की मांग की है।

# डीएम ने समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा के लिए दिए निर्देश




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** जिलाधिकारी प्रणय सिंह द्वारा उ०प्र० उ०नि० एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2026 के सकुशल निर्विघ्न एवं सूचितापूर्ण संपन्न कराए जाने हेतु परीक्षा ड्यूटी पूर्वाभ्यास के उपरांत परीक्षा ड्यूटी में ड्यूटीरत किए सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट केंद्र अध्यक्ष, केंद्र प्रभारी पुलिस, कर्मचारियों के साथ डी ब्रीफिंग की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश। डी ब्रीफिंग के दौरान जिलाधिकारी द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों, पुलिस जवानों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की सघन तलाशी सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट या प्रतिबंधित सामग्री को अंदर ले जाना पूर्णत: वर्जित रहेगा। सभी पुलिसकर्मी और केंद्र व्यवस्थापक निर्धारित समय से पूर्व अपने केंद्रों पर उपस्थिति दर्ज कराएं। परीक्षा केंद्रों के बाहर अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने दी जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू रखा जाए। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या नकल कराने वाले गिरोहों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए। ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा पल-पल की रिपोर्ट कंट्रोल रूम को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की पवित्रता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, सभी अधिकारी और कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करें ताकि अभ्यर्थी एक भयमुक्त वातावरण में परीक्षा दे सकें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) दिग्विजय प्रताप सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह परीक्षा ड्यूटी में तैनात सम्बन्धित अधिकारी पुलिसकर्मी आदि उपस्थित रहे।

# आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर सड़क हादसा, दो गंभीर



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** चंदौसी के थाना बनिया ठेर क्षेत्र में आगराद्मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर बड़ा सड़क हादसा हो गया। गांव रसूलपुर कैली के पास एक बैटरी ई रिक्शा और स्विफ्ट डिजायर कार की आमने-सामने से वृहस्पतिवार शाम 5 बजे के करीब जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में ई रिक्शा चालक शिव कुमार और सुरजीत (पुत्र राकेश कुमार), निवासी सीकरी गेट गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी तेज थी कि कार ने बैटरी ई रिक्शा को हवा में उछाल दिया। उस समय ई रिक्शा में दो लोग सवार थे और दोनों को गंभीर चोटें आईं। घायल ई रिक्शा चालक शिव कुमार की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सचिन कुमार मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया। वहीं सूचना मिलने पर सीओ चन्दौसी दीपक तिवारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। स्थानीय लोगों के अनुसार घायलों में से एक व्यक्ति चंदौसी एसडीएम कार्यालय में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# डीएसएम शुगर मिल ने पेराईसत्र का सफलतापूर्वक समापन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** डीएसएम शुगर मिल रजपुरा की पपेराई सत्र का समापन हुआ इस अवसर पर यूनिट हेड आशीष कुमार शर्मा ने वहां मौजूद किसानो, फैक्ट्री के अधिकारी और कर्मचारी को बधाई देते हुए सभी का आभार जताया, आशीष शर्मा ने मिल के सफलतापूर्वक पेराई सत्र के समापन के लिए किसानों के साथ-साथ जिला प्रशासन संभल, बुलंदशहर, बदायूं व संबंधित जुड़े हुए सभी अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया उन्होंने कहा कि यह मिल सभी किसान भाइयों की है तथा यह मिल आपके साथ तन मन धन से खड़ी है और इस मिल को आगे ले जाने में आप लोगों की जरूरत है उम्मीद है की आप लोगों के द्वारा गन्ने की अच्छी बुवाई कर मिल को अगले पेराई सत्र में ज्यादा गन्ने की सप्लाई करेंगे यदि कोई भी आप लोगों को परेशानी होती है तो मैं आपसे 24 घंटे मिलने को तैयार हु उन्होंने मीडिया बंधुओं का भी आभार जताया।

## सार-संक्षेप

### विकास खण्ड पवांसा में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** बाल कल्याण एवं सरंक्षण समिति की बैठक खण्ड विकास अधिकारी अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में विकास खण्ड पवांसा सभागार में संपन्न हुई। समिति की बैठक में बालको को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यहार से बचने और संरक्षण जैसे विषय पर चर्चा की गयी। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी उषा यादव द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं सरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुडी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी तेजपालसिंह ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098, 181 112, 1076 आदि हेल्पलाइन नंबर जिनका प्रयोग आपातकाल स्थिति में किया जा सकता है के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

सहायक विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बैठक के माध्यम से सभी सचिवों को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए, इसमे किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बैठक में बाल कल्याण समिति से सदस्य गौरव शर्मा, प्रभारी प्रयत्न संस्था जस्ट राइट्स फॉर चिल्डेन से गौरी शंकर चौधरी, शिक्षा विभाग से हरवीर सिंह, पुलिस विभाग से नरेन्द्र सिंह (एस.आई), मुल्की सिंह सागर, वीरभान आदि उपस्थित रहे।

### हर घर वास्तु सम्मत बनाना लक्ष्य: शेफाली



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**काशीपुर।** वास्तु शास्त्र के संबंध में समाज में फैली भ्रांतियां को दूर करने के प्रयासों के क्रम में महर्षि कॉलेज और वैदिक एस्ट्रोलॉजी की वास्तु शास्त्र प्रमुख डॉक्टर शेफली बंसल ने क्षेत्र के प्रसिद्ध वास्तु शास्त्री डॉक्टर अजय कुमार शर्मा के साथ विभिन्न क्षेत्र के प्रसिद्ध लोगों, आर्किटेक्ट, तथा इंटीरियर डिजाइनरोआदि से मुलाकात की तथा वास्तु शास्त्र का महत्व बताया तथा उनसे आग्रह किया कि वह वास्तु शास्त्र का प्रयोग करके ही नक्शे ध्मानचित्र आदि बनाएं क्योंकि प्रत्येक घर को वास्तु शास्त्र आधारित करने में उनकी मुख्य भूमिका हो सकती है तथा लोगों के घर के साथ-साथ उनका जीवन भी सुंदर बनाया जा सकता हैं।

डॉक्टर शेफाली के अनुसार दिशाओं का संतुलन तरक्की में बाधायों का कारण हो सकता है अत: अपने भवन के निर्माण को हल्के में ना लें उन्होंने बताया कि जीवन में जब बार-बार प्रयास करने के बाद भी तरक्की रूकती है और ऐसा लगता है कि हम एक ही स्थान पर अटके हुए हैं तो भाग्य को दोष देने की वजह अपने परिवेश को जरुर देखना चाहिए वास्तु शास्त्र में दिशाओं के बारे में बताते हुए यह बताया कि उत्तर दिशा को जीवन के प्रभाव का प्रतीक माना गया है इस क्षेत्र में अव्यवस्था जीवन के प्रवाह को प्रभावित कर सकती है।


# दाऊजी मंदिर पर रायसत्ती मेले का भव्य आयोजन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** नगर के कैथल गेट स्थित श्री दाऊजी मंदिर पर रायसत्ती मेले का भव्य आयोजन किया गया. मेले में श्रद्धालुओं ने देवी माँ की पूजा-अर्चना कर माता से परिवार और बच्चों के स्वस्थ रहने की प्रार्थना की और घर से बने प्रसाद से माता का भोग लगाया. माता के उपर चढ़ाए जल से बच्चों सहित परिवार से छींटे लगवाये देवी माँ के पूजन के उपरांत परंपरा का निर्वहन करते हुए मंदिर परिसर में प्रसाद ग्रहण किया श्री दाऊजी मन्दिर में माता के मठ में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ आनी शुरू हो गई. महिलाओं ने देवी की जात लगाकर परिवार मे सुख समृद्धि के साथ बच्चों की लंबी उम्र की कामना की महिलाओं व बच्चों ने पूजन के पश्चात मंदिर परिसर में लगे मेले का आनंद उठाया। मेले में बच्चों ने झूले, खेल खिलौने, चाट पकौड़ी, आइस्क्रीम की दुकानें लगी थी. बच्चों ने खेल खिलौने व महिलाओं ने सुहाग सम्बन्धित दुकानों से सिंदूर, बिछुआ, बिंदी आदि की खरीदारी कर मेले का आनंद उठाया मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पीने के पानी की एवं साफ सफाई की उचित व्यवस्था थी पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा हेतू उचित व्यवस्था रही पुलिस कर्मी मेले में निगरानी करते रहे। इसके लिए कोतवाल प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर एवं चोकी प्रभारी ओम सिंह का मन्दिर ट्रस्ट तहेदिल से आभार प्रकट करता है. हर वर्ष की भांति मेले का मुख्य आकर्षण सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता रही. इस प्रतियोगिता में महिलाओं एवं बच्चों ने बड़े जोश एवं उमंग के साथ भाग लिया. सभी विजेताओं को चौधरी प्रेम शंकर स्मृति ट्रस्ट की ओर से चौधरी वैभव कुमार ने पुरूस्कार देकर पुरस्कृत किया. प्रतियोगिता का संचालन चौधरी विवेक कुमार ने किया. मंदिर ट्रस्टी विजय शंकर चौधरी, कैलाश चौधरी, चौधरी विवेक कुमार,पुनीत चौधरी एवं भव्य चौधरी का विशेष सहयोग रहा मेले में सीमा चौधरी, राजेश बाला चौधरी, डॉ सुधा चौधरी, सुरभि चौधरी, रश्मि चौधरी, नमिता चौधरी, प्रियंका चौधरी, गुंजन चौधरी, चंचल चौधरी, गुंजन चौधरी, मेघा चौधरी, प्रतिभा चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# गांव भगतपुर पहली में बरामदे में फांसी के फंदे से लटकता मिला शव



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** चंदौसी क्षेत्र के गांव भगतपुर पहली में गुरुवार सुबह करीब 11 बजे एक महिला का शव घर के बरामदे में लगे कुंडे से फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मौके पर चंदौसी तहसीलदार और क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी ने भी निरीक्षण किया। मृतका की पहचान 22 वर्षीय नेहा उर्फ अभी, पत्नी कृष्ण पाल उर्फहोरीलाल के रूप में हुई है। चार वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी और उसका डेढ़ वर्षीय बेटा आरव है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और हत्या का आरोप वृहस्पतिवार शाम 4 बजे के करीब लगाते हुए खाने में तहरीर दी है और मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।


# विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** मा० सदस्या, राज्य महिला आयोग, उ०प्र० लखनऊ रेनू गौड़, दिनांक 13 मार्च 2026 को समय प्रात: 11 बजे विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम प्रस्तावित है।

जनपद की ऐसी महिलाऐं जो किसी भी प्रकार की प्रताड़ना, उत्पीड़न अथवा घरेलू हिंसा से पीड़ित हैं, तो त्वरित न्याय हेतु एवं महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हेतु महिला जनसुनवाई में अपनी समस्या के विवरण सहित उपस्थित हों।

# रोजगार मेले का फीता काटकर किया शुभारंभ



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** जनपद में गुरूवार को एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय, कासगंज परिसर में किया गया, जिसमें निजी क्षेत्र की 30 कम्पनियों के सापेक्ष 1497 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग कर 1220 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले का शुभारम्भ विधायक सदर देवेन्द्र सिंह राजपूत के कर कमलों द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को कम्पनी प्रतिनिधियों द्वारा मेला स्थल पर ही ऑफर लैटर प्रदान किये गये। आयोजकों के अनुसार रोजगार मेले में युवाओं की भागीदारी सराहनीय रही तथा इस प्रकार के आयोजन से युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के बेहतर अवसर मिलते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनियों द्वारा आगे की औपचारिकताओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। विधायक एवं अधिकारियों ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भविष्य में भी युवाओं के लिए ऐसे रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता रहेगा। इस अवसर पर रामेश्वर दयाल महेरे अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोरों, विकास निर्भय, तथा डा पीपीसी शर्मा, सहायक निदेशक, सेवायोजन, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ एवं सेवायोजन अधिकारी सिद्धार्थ मित्तल, योगेश कुमार शर्मा आदि।

# सीएम सुक्खू बोले- दो महीने में सीबीएसई स्कूलों में उपलब्ध होंगे सभी अध्यापक



**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में 140 स्कूलों को सीबीएसई पाठ्यक्रम आधारित किया जा रहा है और अगले दो महीनों के भीतर इन स्कूलों में सभी आवश्यक अध्यापक उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। इन स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए अलग ड्रेस कोड भी निर्धारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में जल्द ही लेक्चरर के 400 और असिस्टेंट लेक्चरर के 400 पद भरे जाएंगे। इसके अलावा साइंस कॉलेज हमीरपुर के लिए 20 करोड़ रुपये देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय नादौन के 29वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से शिक्षा व्यवस्था में आवश्यक सुधार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर में कैंसर अस्पताल के लिए 300 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। यहां सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक भी स्थापित किया जाएगा और 100 करोड़ रुपये की लागत से मदर एंड चाइल्ड अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नादौन कॉलेज में आने वाले समय में नए कोर्स शुरू किए जाएंगे। अगले शैक्षणिक सत्र से यहां भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान के साथ एमसीए और एमबीए कोर्स भी प्रारंभ किए जाएंगे। मुख्यमंत्री सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए पांच लाख रुपये प्रदान करने की घोषणा की। सीएम ने कहा कि आने वाले समय में नादौन स्पोर्ट्स टूरिज्म का केंद्र बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि खरीड़ी में 160 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक स्पोर्ट्स सेंटर बनाया जा रहा है, जिसे जून तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त ब्यास नदी पर 300 करोड़ रुपये की लागत से रिवर फ्रंट विकसित किया जाएगा, जबकि 80 करोड़ रुपये से रिवर राफ्टिंग सेंटर और 100 करोड़ रुपये से वेलनेस सेंटर स्थापित किया जाएगा। नादौन विधानसभा क्षेत्र में इसी सत्र से नौ सीबीएसई स्कूल शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमीरपुर में 300 करोड़ रुपये की लागत से नया बस अड्डा भी बनाया जा रहा है। प्रदेश में लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए पानी की गुणवत्ता सुधार पर 1500 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। अपने छात्र जीवन और राजनीतिक सफर को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान इसी कॉलेज में मतगणना के समय उन्हें भावनात्मक क्षणों का अनुभव हुआ। उन्होंने कहा कि भाग्य और जनता के आशीर्वाद से उन्हें प्रदेश की सेवा करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के लिए पिछली भाजपा सरकार ने पांच हजार करोड़ रुपये बांट दिए, लेकिन फिर भी उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में गुणात्मक शिक्षा के मामले में हिमाचल प्रदेश 21वें स्थान पर पहुंच गया था। हमने बदलाव व व्यवस्था परिवर्तन किया और आज हम पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के चोर दरवाजों को बंद करके 3800 करोड़ रुपये अर्जित किए, जिससे समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई जा रही हैं। सुक्खू ने कहा कि आने वाला समय हिमाचल के युवाओं का है। उन्होंने दोहराया कि हिमाचल वर्ष 2027 तक आत्मनिर्भर और 2032 तक सबसे समृद्धशाली राज्य बनेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा इसका मजाक बनाती है क्योंकि उन्होंने कुछ नहीं किया।

# मुख्यमंत्री ग्राम स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधीन राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र फिरोजाबाद के प्रभारी शैलेन्द्र कुमार द्वारा दो दिवसीय मुख्यमंत्री ग्राम स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम नगला भवानी नया पंचायत जरौली ब्लॉक हाथवंत में ग्राम प्रधान अरुणा देवी एवं बीडीसी मेंबर यादराम द्वारा फीता काटकर एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रजुलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया



प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोज कुमार दीक्षित, प्रशिक्षक नागेंद्र सिंह यादव एवं धनंजय बिष्ट ने ग्रामीणों को खाद्य प्रसंस्करण संबंधी इकाई लगाने की जानकारी दी गई मुख्य अतिथि द्वारा, शिक्षार्थियों को स्टेशनरी सामग्री( किट )वितरीत की गयी कार्यक्रम का समापन को बीडीसी मेंबर यादराम एवं मुख्य अतिथि के द्वारा शिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करके कार्यक्रम का समापन किया गया।

# 27 अल्ट्रासाउंड केंद्रों के प्रस्तावों की समीक्षा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** भ्रूण लिंग जांच पर प्रभावी रोकथाम एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के सख्त अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सीएमओ कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसीएमओ एवं नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉ. एस.के. जैन ने की। बैठक में नए अल्ट्रासाउंड सेंटरों की स्थापना, चिकित्सकों के संबद्धीकरण और केंद्रों के पुन: पंजीकरण से संबंधित प्रस्तावों पर विस्तृत और गहन विचार-विमर्श किया गया।



समिति के समक्ष कुल 27 पत्रावलियां प्रस्तुत की गईं, जिनमें 17 पत्रावलियां नवीन पंजीकरण से संबंधित थीं, जबकि शेष पत्रावलियां पुन: पंजीकरण, चिकित्सक संबद्धीकरण एवं नई मशीन स्थापना से जुड़ी थीं। सभी मामलों की नियमों के अनुरूप बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में स्पष्ट किया गया कि जिले में संचालित सभी अल्ट्रासाउंड केन्द्रों को पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा। किसी भी प्रकार की अनियमितता या भ्रूण लिंग परीक्षण से संबंधित गतिविधि पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। नोडल अधिकारी ने सभी केंद्र संचालकों को निर्देशित किया है कि वह पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों के अनुरूप दिए गए दिशा निर्देशों का संस्थान पर प्रभावी प्रदर्शन भी सुनिश्चित करें। बैठक में एसीएमओ डॉ. एस.के. जैन, सीएमएस डॉ. तैय्यब अली खान, डॉ. जगवीर वर्मा, डीजीसी सिविल महेश चंद्र शर्मा एवं सहायक निदेशक सूचना संदीप कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस टीम के प्रयास में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे जनपद मे चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद वाँछित अभियुक्त सुमनेश पुत्र जोर सिंह निवासी ग्राम मुस्तफाबाद थाना जसराना फिरोजाबाद उम्र 35 वर्ष को बालाजी मैरिज होम फरिहा रोड मुस्तफाबाद थाना क्षेत्र जसराना जनपद फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया।



मुकदमा उपरोक्त मे सह अभियुक्तगण की तलाश जारी है। अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही कर न्यायिक हिरासत मे भेजा जा रहा है। वादी मुकेश कुमार पुत्र राजवीर सिंह निवासी मुस्तफाबाद थाना जसराना द्वारा गांव का सुमनेश कुमार पुत्र जोर सिंह निवासी मुस्तफाबाद शाना जसराना जिला मुस्तफाबाद की सरकारी जमीन करीब 15 बीघा पर अवैध कब्जा किये हुये हैं।

वादी के भाई मनोज कुमार की पत्नी सुमन देवी प्रधान ने अवैध कब्जा मुक्त जमीन कराने के लिये शिकायती प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग में दिया था तब से सुमनेश कुमार उपरोक्त वादी के भाई मनोज कुमार व वादी के परिवार मे से रंजिश मानने लगा इसी रंजिश के कारण समय लगभग 07:45 बजे शाम सुमनेश कुमार पुत्र जोर सिंह, कर्मवीर उर्फ देवेन्द्र पुत्र रामपाल, उपदेश कुमार पुत्र धीरी सिह, प्रशांत कुमार पुत्र जयप्रकाश निवासीगण मुस्तफाबाद थाना जसराना जिला फिरोजाबाद व कुछ व्यक्ति नाम व पता अज्ञात एक राय होकर अपने-अपने हाथों में लाठी डण्डा व सरिया व तंमचा लेकर मारपीट की तथा वादी के भाई फोटूराम उर्फदलजीत सिंह को उपेन्द्र के घर के सामने घेर लिया और गाली गलौज की गयी।

# टीकाराम डिग्री कॉलेज में हंगामा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** खैर रोड स्थित जलालपुर की रहने वाली एक छात्रा कॉलेज में पढ़ाई करती है। आरोप है कि तीन युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने के इरादे से कॉलेज के पास पहुंचे थे। इसी दौरान मामले की जानकारी कॉलेज परिसर में मौजूद लोगों को हो गई, जिसके बाद वहां हंगामा शुरू हो गया। सूचना मिलते ही इलाका पुलिस



मौके पर पहुंच गई और लोगों की मदद से तीनों युवकों को पकड़ लिया। आक्रोशित लोगों ने युवकों को उनकी बाइक समेत पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी मिलने पर पूर्व मेयर शकुंतला भारती भी मौके पर पहुंच गईं। उन्होंने पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफकठोर कार्रवाई करने की मांग की। फिलहाल पुलिस पकड़े गए तीनों युवकों से पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। सीओ सर्वम सिंह का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का अलीगढ़ में ठहराव आज से

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 12873 हटिया, आनंद विहार टर्मिनल झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस अलीगढ़ स्टेशन पर सुबह 10:08 बजे पहुंचेगी और 10:10 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन हटिया से 12 मार्च 2026 को प्रस्थान करेगी और 13 मार्च से अलीगढ़ स्टेशन पर ठहराव शुरू होगा। वहीं गाड़ी संख्या 12874 आनंद विहार टर्मिनल, हटिया झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस अलीगढ़ स्टेशन पर रात 10:23 बजे पहुंचेगी और 10:25 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन आनंद विहार टर्मिनल से 13 मार्च 2026 को प्रस्थान करेगी और उसी दिन से अलीगढ़ स्टेशन पर इसका ठहराव लागू हो जाएगा।

रेलवे के इस फैसले से अलीगढ़ और आसपास के यात्रियों को यात्रा में सुविधा मिलेगी। ये गाड़ी हटिया से चल के रांची, मुरी जंक्शन, रामगढ़, बरकाकाना, पटरातु, खलारी, तोरी जंक्शन, लतेहर, बरवादिह, डॉलटनगंज, गड़वा रोड जंक्शन, गढ़वाह, नगर उंटारी, रेनूकूट, चोपन, सोनभद्र, चुनार जंक्शन, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल, अलीगढ़ होते हुए आनंद विहार तक चलेगी। वापसी में इस गाड़ी के ये ही स्टॉपेज बनाए जाएंगे।

### पूर्व मुख्य नगर अधिकारी व अवर अभियंता प्रकरण के विरुद्ध नगर आयुक्त ने दर्ज करायी एफआईआर

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने नगर निगम की भूमि के साथ अनियमितता, फर्जीवाड़ा एवं पद का दुरूपयोग करते हुए सार्वजनिक हित की लगभग 18 करोड़ की बेशकीमती भूमि को निजी पक्षो के नाम करने के गंभीर प्रकरण में बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर निगम अलीगढ़ में तैनात रहे मुख्य नगर अधिकारी डॉ. नन्द किशोर व पूर्व अवर अभियंता, संपत्ति अधिकारी गयूर अहमद के विरुद्ध नगर निगम के संपत्ति विभाग द्वारा सिविल लाइन थाने में एक और एफआईआर दर्ज कराई गई है।

सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह ने बताया कि अलीगढ़ नगर निगम की अधिग्रहित सरकारी संपत्ति से संबंधित गंभीर अनियमितताओं एवं राजकीय भूमि को नुकसान पहुँचाने के प्रकरण में थाना सिविल लाइंस, जनपद अलीगढ़ में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। यह रिपोर्ट 11 मार्च 2026 को सायं 19:13 बजे पंजीकृत की गई, जिसका एफआईआर नंबर 0125/2026 है। प्रकरण भारतीय दंड संहिता की धाराओं 420, 467, 468 एवं 471 के अंतर्गत दर्ज किया गया है, जो धोखाधड़ी, जालसाजी, कूटरचना एवं जाली दस्तावेज के प्रयोग से संबंधित गंभीर अपराध हैं।

सहायक नगर आयुक्तध्संपत्ति प्रभारी ने बताया कि यह मामला नगर निगम अलीगढ़ की अधिग्रहित भूमि गाटा संख्या 3315, क्षेत्रफल लगभग 01 बीघा 03 बिस्वा पुख्ता, स्थित ग्राम कस्बा कोल, अलीगढ़ से संबंधित है। उक्त भूमि वर्ष 1946/47 में विधिवत भूमि अर्जन प्रक्रिया के तहत तत्कालीन नगर पालिका (वर्तमान नगर निगम) के स्वामित्व में आई थी और तब से यह नगर निगम की संपत्ति के रूप में अभिलेखों में दर्ज रही है। सहायक नगर आयुक्त ने बताया कि नगर आयुक्त के आदेश 22 जनवरी 2026 के अनुपालन में गठित जांच समिति द्वारा अभिलेखों, न्यायालयीन वादों एवं पूर्व आदेशों का परीक्षण किया गया।

समिति की रिपोर्ट 12 फरवरी 2026 में यह तथ्य प्रकाश में आया कि 02 अप्रैल 2002 को उक्त भूमि के संबंध में न्यायालय में एक समझौता प्रस्तुत किया गया था, जो नगर निगम के अधिकार क्षेत्र से बाहर तथा बिना सक्षम अनुमति के किया गया प्रतीत होता है। प्रकरण व जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर नगर आयुक्त द्वारा तत्काल दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराए जाने के आदेश दिए गए। सहायक नगर आयुक्त ने बताया कि जांच में पाया गया कि उपरोक्त अधिकारियों द्वारा 02.04.2002 को न्यायालय में प्रस्तुत समझौते के माध्यम से नगर निगम की अधिग्रहित भूमि के एक हिस्से को वादिनी पक्ष के हित में छोड़ा गया तथा बदले में अन्य भूखंड से मार्ग देने जैसी व्यवस्था दर्शाई गई। यह कार्रवाई न तो नगर निगम बोर्ड की स्वीकृति से की गई थी और न ही शासन की अनुमति प्राप्त थी।

# जीवन मे डिग्री आभास दिलाती है, ज्ञान नहीं: सतीश महाना

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय में 12 वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 3555 स्नातक विद्यार्थियों, 1780 स्नातकोत्तर विद्यार्थियों तथा 99 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी गई। 27 विद्यार्थियों को पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा और 575 विद्यार्थियों को डिप्लोमा प्रदान किए गए। उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए नौ विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, नौ को रजत पदक तथा 13 विद्यार्थियों को विशेष प्रमाण पत्र दिए गए। पदक और उपाधि पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल गए। यूपी विधानसभा के स्पीकर सतीश महाना




को विश्वविद्यालय ने डीलिट की उपाधि प्रदान की। दीक्षांत समारोह में यूपी विधानसभा के स्पीकर सतीश महाना, यूपी के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कुलाधिपति अच्युतानन्द मिश्र, कुलपति प्रो पीके दशोरा, कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह, विधायक राजकुमार सहयोगी, अनिल पाराशर, सुरेंद्र दिलेर, रवेंद्र सिंह, रालोद जिलाध्यक्ष चौधरी कालीचरन सिंह, जिलाधिकारी संजीव रंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने शिरकत की। यूपी के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि डिग्री आवश्यक नहीं, बल्कि ज्ञान आवश्यक है। स्कूल छोड़ने के बाद सीधे घर जाओ। रविवार को केवल परिवार के साथ रहें और अपना मोबाइल स्विच ऑफ रखें। विवि चेयरमैन से उन्होंने आह्वान किया कि मेघालय, मिजोरम व नागालैंड व कश्मीर के बच्चों को छूट देकर शिक्षा प्रदान करें।

यूपी विधानसभा के स्पीकर सतीश महाना ने कहा कि जीवन मे डिग्री आभास दिलाती है, ज्ञान नहीं। सोशल मीडया फेसबुक, इंस्टाग्राम को प्रयोग करते समय विचार करें कि हम जैसा चाहते हैं, वैसा कर पा रहे हैं क्या। बच्चों को पढ़ना चाहिए, सोना चाहिए और खेलना चाहिए। समय का उपयोग करना चाहिए। समय न किसी के पास ज्यादा है और न किसी के पास कम, सभी के पास बराबर है। वर्तमान में जीना सीखें, भूत और भविष्य को लेकर चिंतित न हों। वर्तमान में ठीक रहेंगे तो भविष्य अपने आप सही हो जाएगा। कुलाधिपति अच्युतानन्द मिश्र, कुलपति प्रो पीके दशोरा, कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह, विधायक राजकुमार सहयोगी, अनिल पाराशर, सुरेंद्र दिलेर, रवेंद्र सिंह, रालोद जिलाध्यक्ष चौधरी कालीचरन सिंह, जिलाधिकारी संजीव रंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने शिरकत की।

# पुलिस पर पथराव करने वाले 02 अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधाकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसागंज पुलिस टीम पर पथराव करने के आरोपी रामबीर पुत्र प्रागनारायन निवासी नगला खरी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद विकास पुत्र भगवान निवासी नगला खरी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद को किया गया गिरफ्तार। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना सिरसागंज पर



मु0अ0सं0-109/ 2026 धारा 109(1)/ 191(2)/ 191(3)/ 190/ 121(1)/ 131/ 132/ 127(2)/ 352/ 324(4)/ 125 बीएनएस पंजीकृत किया गया था। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता रामबीर पुत्र प्रागनारायन निवासी नगला खरी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद, विकास पुत्र भगवान निवासी नगला खरी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद। बरामदगी दो खोखा कारतूस 315 बोर घटना स्थल से बरामद किया गया।

# अलविदा जुम्मा व रमजान के दृष्टिगत पीस मीटिंग का आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** जनपद में आगामी अलविदा जुम्मा की नमाज व पवित्र माह रमजान को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पीस मीटिंग का आयोजन किया गया इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं समस्त थाना प्रभारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सभी धर्मो के धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक कर आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। मीटिंग में उपस्थित



धर्मगुरुओं से त्योहारों को आपसी सहयोग, भाईचारे एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि या अफवाह की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करने के लिए कहा गया। त्योहारों के दौरान जनपद में पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गयी है तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, जिससे सभी लोग अपने त्योहारों को सुरक्षित व शांतिपूर्ण माहौल में मना सकें।

# आईजी आगरा ने पुलिस कार्यालय में नवीनीकृत समस्त कार्यालयों का लोकापर्ण किया

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित समस्त शाखाओं पत्र व्यवहार शाखा, आंकिक शाखा, डीसीआरबी, फील्ड यूनिट, महिला सहायता प्रकोष्ठ, विशेष जाँच प्रकोष्ठ, अभियोजन शाखा, मॉनीटरिंग सेल, अपराध शाखा, प्रधान लिपिक शाखा, आईजीआरएस शाखा, परिवार परामर्श केन्द्र, यातायात पुलिस लाइन्स आदि का गहनता से अवलोकन किया तथा अभिलेखों, कार्यालय व्यवस्था एवं कार्य प्रणाली की समीक्षा की इस दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा द्वारा संबंधित अधिकारियों




एवं कर्मचारियों को अभिलेखों के समुचित रखरखाव, कार्यों के समयबद्ध निस्तारण तथा कार्यालय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने सभी शाखाओं को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश भी दिए इसके साथ ही आगामी त्यौहारों एवं संवेदनशील क्षेत्रों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस बल को सतर्क रहने, नियमित गश्त करने तथा जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश भी दिए गए एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, एक्स, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम आदि) पर 24'7 घंटे सतर्क निगरानी रखने एवं सौहार्द बिगाडने, अफवाह फैलाने वालों को चिह्नित कर कड़ी कानूनी कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया गया। तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देश्यीय हॉल में जनपद के थानों के समस्त ग्राम प्रहरियों संग गोष्ठी आयोजित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए साथ ही समस्त ग्राम प्रहरियों को कुल 103 जैकेट वितरित की गयी एवं महोदय द्वारा रिक्रूट आरक्षियों के लिए मौढ़ा कनैटा पर नवीनीकृत होस्टल का उद्घाटन किया गया।

वार्षिक निरीक्षण के क्रम में महोदय द्वारा थाना दक्षिण का निरीक्षण करते हुए विभिन्न रजिस्टरों त्यौहार रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, आईजीआरएस, महिला हैल्पडैक्स, मालखाना, शस्त्रागार आदि का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। तत्पश्चात महोदय द्वारा थाना दक्षिण पर वृक्षारोपण किया गया एवं थाना दक्षिण क्षेत्रान्तर्गत पैदल भ्रमण किया गया

## विद्युत पोल से टकराई स्कूल बस

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा ।** प्रदेश में स्कूल बस हादसा के बाद भी जिला प्रशासन नहीं ले रहा है सबक आज सरस्वती शिशु मंदिर की बस छुट्टी के बाद रेलवे कॉलोनी मथुरा में बच्चों को छोड़ने जब आ रही थी तो रास्ते में बस चालक के द्वारा मोबाइल पर बात करते समय गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी विद्युत पोल से टकरा गई गनीमत रही कि विद्युत पोल टूटा नहीं नहीं तो हो सकता था बड़ा हादसा । क्योंकि विधुत पोल करेंट आ रहा था । हादसे के बाद एक बच्चे को मामूली चोट आई दूसरे वाहन से बच्चों को घर जाने की व्यवस्था की गई । घटना की सूचना पर ब्रज यातायात समिति के अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने गंभीरता से लेते हुए जिले के आला अधिकारियों से बात करने के बाद मथुरा में इस तरह की घटना की पुनर्वती ना हो इसके लिए जिला प्रशासन करें कोई ठोस कार्रवाई अन्यथा शासन को भेजी जाएगी रिपोर्ट, क्योंकि लगातार एक के बाद एक घटनाएं को रही हैं। घटना करने वाले स्कूल बस चालक का ड्राइविंग लाइसेंस किया जाए निरस्त । घटना के बाद जिलाधिकारी ने आवश्यक बैठक बुलाए सड़क सुरक्षा समीक्षा की।

# अमेरिका ने पाकिस्तान में बंद किया अपना वाणिज्य दूतावास

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका ने पाकिस्तान के पेशावर में स्थित अपने वाणिज्य दूतावास को हमेशा के लिए बंद करने का फैसला किया है। यह राजनयिक मिशन अफगानिस्तान सीमा के सबसे करीब था। साल 2001 में अफगानिस्तान पर हमले के समय और उसके बाद भी यह जगह अमेरिका के लिए ऑपरेशंस और रसद का मुख्य केंद्र रही है।अमेरिकी विदेश विभाग ने इस हफ्ते कांग्रेस को वाणिज्य दूतावास बंद करने की योजना के बारे में बताया। विभाग का कहना है कि इस कदम से हर साल लगभग 75 लाख डॉलर की बचत होगी। अमेरिका का मानना



है कि इस फैसले से पाकिस्तान में उसके राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने की क्षमता पर कोई बुरा असर नहीं पड़ेगा। एसोसिएटेड प्रेस को मिले एक नोटिस से यह जानकारी सामने आई है। यह फैसला पिछले एक साल से विचाराधीन था। ट्रंप प्रशासन ने लगभग सभी सरकारी एजेंसियों के खर्चों और आकार को छोटा करना शुरू किया है। विभाग ने साफ किया है कि इस फैसले का ईरान के साथ चल रहे तनाव से कोई लेना-देना नहीं है। हालांकि, ईरान विवाद की वजह से कराची और पेशावर जैसे शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए थे, जिस कारण वाणिज्य दूतावास ने कुछ समय के लिए अपना काम रोक दिया था। पिछले साल अमेरिकी प्रशासन ने विदेश विभाग के बजट में बड़ी कटौती की थी। इस दौरान हजारों राजनयिकों को हटाया गया और अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी के स्टाफ में भी भारी कमी की गई। पेशावर वाणिज्य दूतावास पहला ऐसा विदेशी मिशन है, जिसे विभाग के पुनर्गठन की वजह से पूरी तरह बंद किया जा रहा है। नोटिस के अनुसार, पेशावर वाणिज्य दूतावास में 18 अमेरिकी राजनयिक और अन्य सरकारी अधिकारी काम करते हैं। इनके साथ ही 89 स्थानीय कर्मचारी भी वहां तैनात हैं। इस मिशन को पूरी तरह बंद करने में करीब 30 लाख डॉलर का खर्च आएगा। इस रकम का आधा हिस्सा यानी 18 लाख डॉलर उन बख्तरबंद ट्रेलरों को दूसरी जगह ले जाने में खर्च होगा, जो वहां ऑफिस के तौर पर इस्तेमाल हो रहे थे। बाकी पैसा गाड़ियों, इलेक्ट्रॉनिक सामान, टेलीकम्युनिकेशन उपकरणों और ऑफिस के फर्नीचर को इस्लामाबाद, कराची और लाहौर भेजने में इस्तेमाल होगा। अफगानिस्तान सीमा और काबुल के पास होने की वजह से पेशावर वाणिज्य दूतावास बहुत महत्वपूर्ण था। यह उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में अमेरिकी नागरिकों और मदद चाहने वाले अफगान लोगों के लिए संपर्क का बड़ा जरिया था। अब अमेरिकी नागरिकों और अन्य लोगों को वाणिज्य दूतावास से जुड़ी सेवाएं इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास से मिलेंगी। इस्लामाबाद यहां से करीब 184 किलोमीटर दूर है। अमेरिकी सरकार का कहना है कि दूतावास इन सभी कामों और विदेशी मदद प्रोग्राम की निगरानी को अच्छे से संभाल लेगा।

# रंगनाथ मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा ।** कान्हा की नगरी में होली की खुमारी अभी भी भक्तों के सिर चढ़कर बोल रही है। वृंदावन ब्रज के सबसे बड़े और भव्य श्री रंगनाथ मंदिर के दस दिवसीय ब्रह्मोत्सव के छठे दिन भक्ति और रंगों का अनूठा संगम देखने को मिला। जब ठाकुर गोदा रंगमन्नार भगवान कांच के विमान पर सवार होकर भक्तों संग होली खेलने निकले, तो पूरा वातावरण जय रंगनाथ के जयघोष और अबीर-गुलाल की सतरंगी आभा से सराबोर हो गया। दक्षिण भारतीय



परंपरा के संवाहक रंगजी मंदिर में चल रहे ब्रह्मोत्सव में गुरुवार को ब्रज की होली का अनोखा नजारा देखने को मिला। हर दिन अलग-अलग वाहनों पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दे रहे भगवान रंगनाथ हुरियारे बन कांच के विमान में विराजमान हो मंदिर से निकले तो भक्तों संग जमकर होली का आनंद लिया। ब्रह्मोत्सव के विशेष अवसर पर ठाकुर गोदा रंगमन्नार ने श्वेत वस्त्र धारण कर भक्तों को दर्शन दिए। वेदमंत्रों के सस्वर पाठ के बीच भगवान को प्राकृतिक अबीर और गुलाल निवेदित किया गया। इसके पश्चात मंदिर के पुजारियों ने चांदी की पिचकारी से टेसू के फूलों से बने केसरिया रंग की बौछार शुरू की। भगवान रंगनाथ और माता गोदा ने जब भक्तों के साथ होली खेली तो हर कोई भजनों की धुन पर झूमता नजर आया। कांच के विमान में सवार मंदिर के सेवायत जब पिचकारी से टेसू के रंगों और गुलाल की बौछार करते तो भक्त उनकी ओर दौड़ पड़ते। चारों ओर होली का नजारा नजर आने लगा। यात्रा में हाथी पर बैठकर सेवायत गुलाल की वर्षा भी करते रहे। आसमान में उड़ता गुलाल और पिचकारी से निकलते रंगों में सराबोर होकर सभी खुद को सौभाग्यशाली समझ रहे थे। रंगजी मंदिर से लेकर नगर निगम चौराहा तक हर ओर भक्तों की भीड़ और उड़ते गुलाल ने एक बार फिर शहर को होली के रंग में रंग दिया। करीब एक घंटे में बड़ा बगीचा पहुंची सवारी, फिर वहां ठाकुरजी को विश्राम कराया गया।

## बाबा सत्यनारायण मौर्य का 'एक शाम राष्ट्र के नाम' कार्यक्रम होगा मुख्य आकर्षण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा ।** नववर्ष मेला समिति की बुधवार को सायं सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में आयोजित समीक्षा बैठक में नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर 18 मार्च को होने वाले विशाल नववर्ष मेला की तैयारियों को अंतिम रुप दिया गया। बैठक का की अध्यक्षता करते हुए समिति अध्यक्ष कमलेश अरोड़ा ने बताया कि भारतीय नववर्ष चौत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत् 2083 की पूर्व संध्या पर 18 मार्च को सेठ बी०एन०पोद्दार इंटर कॉलेज के मैदान में परम्परागत रूप से विभिन्न सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया जायेगा। नववर्ष मेला के 25 वर्ष पूर्ण होने यह विशाल नववर्ष मेला रजत जयंती वर्ष के रूप में आयोजित होगा। प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि नववर्ष समारोह सायं 6:30 बजे से सांस्कृतिक संध्या के साथ शुरू होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत मेला का मुख्य आकर्षण सायं 7:30 बजे से अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि, चित्रकार, गायक एवं राष्ट्रप्रेमी कलाकार बाबा सत्यनारायण मौर्य की बहुरंगी प्रस्तुति एक शाम राष्ट्र के नाम होगा। मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा ने बताया कि मेला स्थल पर विभिन्न प्रतियोगिताएं सायं 5 से शुरू होंगी। बैठक में समिति राजीव कृष्ण अग्रवाल, डॉ० दीपा अग्रवाल, योगेश आवा, अनिरुद्ध अग्रवाल, अजय अग्रवाल, मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा, समीर बंसल, रामदास चतुर्वेदी, अनुराधा शर्मा, डा० सीमा मिश्रा, डा० रुचि अग्रवाल, अवधेश उपाध्याय, जमुनादेवी शर्मा, कान्हा यादव, हर्षित सिसोदिया, राजीव पाठक, दीपेश श्रीवास्तव, जेपीएस सिसोदिया, हर्षवरूप यादव, उमेश शर्मा, वृषभान गोस्वामी, अनामिका दीक्षित, डॉ. नीतू गोस्वामी, संगीता चौहान आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## एसआई भर्ती परीक्षा को लेकर डीएम-एसएसपी ने की सेक्टर मजिस्ट्रेटों संग समीक्षा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा ।** उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेटों, स्टैटिक मजिस्ट्रेटों तथा पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उक्त परीक्षा 14 एवं 15 मार्च 2026 ो दो पालियों में आयोजित की जयेगी। प्रथम सत्र प्रात: 10 बजे से मध्यान 12 बजे तक तथा द्वितीय सत्र अपराह्न 3 बजे से सायं 5 बजे तक होगी। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा



आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा हेतु मथुरा जनपद के 17 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जहां पर 17 सेक्टर मजिस्ट्रेटों तथा 17 स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है। जनपद के 17 परीक्षा केंद्रों में 6000 अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा दी जाएगी। उपरोक्त परीक्षा निर्धारित प्रक्रियानुसार सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्षता एवं सुचितापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु शान्ति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिकोण से एवं उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के निर्देशानुसार मजिस्ट्रेटस की नियमानुसार तैनाती की गई है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ससमय सेंटर केंद्रों में समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा से पूर्व परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर परीक्षा की सभी आवश्यक तैयारियों की समीक्षा करे। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा अवधि में प्रत्येक दिन दोनों पालियों में नियमित अन्तराल पर परीक्षा केन्द्रों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण पर्यवेक्षण करे। परीक्षा केन्द्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच सुनिश्चित करे। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों का विशेष रूप से सघन निरीक्षण करे। यह भी सुनिश्चित करे कि संवेदनशील व अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था कर दी गयी है। परीक्षा के दौरान केन्द्र के समीप भीड़ एकत्रित नहीं होने दे। परीक्षा प्रारम्भ एवं समाप्ति के समय भी इसका विशेष ध्यान दिया जाए। दलालों एवं धोखाधड़ी से नौकरी दिलाने का प्रलोभन देने वाले असामाजिक तत्वों से सावधान रहें। उ०प्र० पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा अभ्यर्थन निरस्त करते हुए भविष्य की भर्तियों से प्रतिबंधित करने के साथ ही सम्बन्धित अभ्यर्थीध्व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## सफाई, पैचवर्क, सौंदर्याकरण और अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा ।** राष्ट्रपति के प्रस्तावित आगमन की तैयारियों के दृष्टिगत नगर निगम के नगर आयुक्त जग प्रवेश ने गुरुवार को गोवर्धन चौराहे से सतोहा तक संपूर्ण गोवर्धन मार्ग का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मार्ग एवं आसपास के क्षेत्रों की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को मार्गों पर उच्च स्तरीय सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने डिवाइडरों के दोनों ओर नियमित सफाई, कूड़ा उठान तथा पूरे मार्ग को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा। मुख्य अभियंता (निर्माण) को निर्देशित किया गया कि जिन स्थानों पर सड़कों पर पैचवर्क की आवश्यकता है वहाँ शीघ्र मरम्मत कार्य कर सड़कों को समतल और सुचारू बनाया जाए। इसके साथ ही मार्गों के सौंदर्याकरण के लिए सड़कों के किनारों पर गमले लगाने वॉल पेंटिंग कराने तथा नियमित रूप से पानी का छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इसी क्रम में सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी को मार्गों और गलियों में अव्यवस्थित रूप से लगे होर्डिंग्स हटाने तथा सड़कों और फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा गया। साथ ही आवारा गोवंश की समस्या के समाधान के लिए भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने बताया कि महामहिम राष्ट्रपति के प्रस्तावित आगमन के अवसर पर मार्ग और क्षेत्र की सभी व्यवस्थाएँ स्वच्छ, सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएँ ताकि पूरे क्षेत्र का वातावरण सुंदर, सुरक्षित और आकर्षक दिखाई दे। निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी, मुख्य अभियंता (निर्माण) संजय सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल, सहायक अभियंता (निर्माण) शशांक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कनाडा में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर गोलीबारी

**ओटावा ।** कनाडा के टोरंटो में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर मंगलवार को गोलीबारी की घटना हुई। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। कनाडा के सुरक्षा मंत्री ने इस घटना को अस्वीकार्य बताया। वहीं कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने भी घटना की निंदा की।टोरंटो पुलिस ने बताया कि उन्हें मंगलवार सुबह 5.29 बजे अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर गोलीबारी की सूचना मिली। पुलिस ने बताया कि उन्हें घटनास्थल से गोलियों के खाली



खोखे भी मिले। पुलिस ने बताया कि अभी हमलावर की पहचान नहीं हो सकी है। घटना को लेकर कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने लिखा, श्आज सुबह टोरंटो में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास पर हुई गोलीबारी एक निंदनीय कृत्य है और डराने-धमकाने का प्रयास है। राहत की बात ये है कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। कार्नी ने कहा, संघीय जांच एजेंसियां, घटना की जांच में टोरंटो पुलिस की हरसंभव मदद करेंगी और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। जांचकर्ताओं के अनुसार, एक सफेद रंग की कार यूनिवर्सिटी एवेन्यू पर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर आकर रुकी। दो पुरुष संदिग्ध वाहन से बाहर निकले और उन्होंने वाणिज्य दूतावास की इमारत पर कई राउंड गोलियां चलाईं और फिर गाड़ी में बैठकर फरार हो गए। पुलिस टीम को इमारत के शीशे और दरवाजे टूटे हुए मिले हैं। पुलिस ने संदिग्ध वाहन की तस्वीर जारी की है और सीसीटीवी फुटेज की निगरानी कर हमलावरों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। कनाडा में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर गोलीबारी की घटना ऐसे समय हुई है, जब पश्चिम एशिया में तनाव है और अमेरिका और इस्राइल मिलकर ईरान पर हमले कर रहे हैं। इसके जवाब में ईरान भी अमेरिका के ठिकानों और इस्राइल पर हमले कर रहा है। ईरान द्वारा होर्मुज स्ट्रेट को लगभग बंद कर दिया गया है, जिससे वैश्विक तेल-गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। कार्नी ने कहा, संघीय जांच एजेंसियां, घटना की जांच में टोरंटो पुलिस की हरसंभव मदद करेंगी और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। जांचकर्ताओं के अनुसार, एक सफेद रंग की कार यूनिवर्सिटी एवेन्यू पर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर आकर रुकी। दो पुरुष संदिग्ध वाहन से बाहर निकले और उन्होंने वाणिज्य दूतावास की इमारत पर कई राउंड गोलियां चलाईं और फिर गाड़ी में बैठकर फरार हो गए। पुलिस टीम को इमारत के शीशे और दरवाजे टूटे हुए मिले हैं। पुलिस ने संदिग्ध वाहन की तस्वीर जारी की है और सीसीटीवी फुटेज की निगरानी कर हमलावरों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। कनाडा में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर गोलीबारी की घटना ऐसे समय हुई है, जब पश्चिम एशिया में तनाव है और अमेरिका और इस्राइल मिलकर ईरान पर हमले कर रहे हैं। इसके जवाब में ईरान भी अमेरिका के ठिकानों और इस्राइल पर हमले कर रहा है। ईरान द्वारा होर्मुज स्ट्रेट को लगभग बंद कर दिया गया है, जिससे वैश्विक तेल-गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है।

# तनाव के बीच कतर से विमानों का संचालन शुरू

**दोहा ।** पश्चिम एशिया में ईरान के हमलों की वजह से विमानों की आवाजाही पर बुरा असर पड़ा है। इन हमलों के कारण पश्चिम एशिया में दूसरे देशों के बहुत से नागरिक फंसे हुए हैं। इस स्थिति को देखते हुए कतर 12 मार्च से विमानों का संचालन शुरू करने जा रहा है। कतर एयरवेज ने बताया है कि दोहा से गुरुवार को कई विमान उड़ान भरेंगे। ताजा हालात के हिसाब से कतर एयरवेज 12 से 17 मार्च तक दोहा आने-जाने के लिए सीमित विमान चलाएगा।नए शेड्यूल के अनुसार 12 मार्च को हमाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कुल 29 विमानों का संचालन होगा। इसमें 15 विमान रवाना होंगे और 14 विमान वहां पहुंचेंगे। दोहा से जाने वाले विमान मुख्य रूप से मुंबई, नई दिल्ली, इस्लामाबाद, न्यूयॉर्क, फ्रैंकफर्ट, बीजिंग, लंदन, काहिरा और जोहान्सबर्ग जाएंगे। वहीं सियोल, जेद्दा, नई दिल्ली, हांगकांग, मस्कट, मेलबर्न, डलास और बैंकॉक से विमान दोहा आएंगे। भारत के लिए 13 मार्च को दोहा से कोच्चि के लिए विमान चलेगा। इसके अलावा 14 मार्च को मुंबई, 15 मार्च को दिल्ली और 16 मार्च को कोच्चि और मुंबई के लिए विमान उड़ान भरेंगे। 17 मार्च



को भी कोच्चि और मुंबई के लिए दोहा से विमान रवाना होगा। वापसी में कोच्चि से 14 मार्च को, मुंबई से 15 मार्च को और नई दिल्ली से 16 मार्च को दोहा के लिए विमान उड़ान भरेंगे। कतर एयरवेज ने कहा कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद उन्हें एक सीमित रास्ता (कॉरिडोर) इस्तेमाल करने की इजाजत मिली है। एयरलाइन आने वाले दिनों में कुछ खास शेड्यूल चलाएगी ताकि फंसे हुए यात्रियों की मदद हो सके। कंपनी ने साफ किया कि यह नियमित उड़ानों की शुरुआत नहीं है। अभी विमान सेवाएं अस्थायी तौर पर रुकी हुई हैं। कंपनी यात्रियों को उनके परिवार से मिलाने की कोशिश कर रही है। कतर का एयरस्पेस सुरक्षित रूप से खुलने के बाद ही सामान्य ऑपरेशन शुरू होंगे। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने कैबिनेट मीटिंग की। उन्होंने ईरान के खिलाफ अमेरिका-इस्रायल युद्ध के दौरान देश की ताकत बढ़ाने की अपील की। इसी बीच बहरीन के गृह मंत्रालय ने चार नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इन पर ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के लिए जासूसी करने का आरोप है। ये लोग जरूरी जगहों की तस्वीरें ले रहे थे। गिरफ्तार लोगों की उम्र 22 से 36 साल है, जबकि 25 साल का पांचवां व्यक्ति विदेश में फरार है। जांच में पता चला कि इन लोगों ने हाई-रिजॉल्यूशन कैमरों से फोटो ली और खास सॉफ्टवेयर से जानकारी ईरान भेजी।

## खेल जैसे आयोजनों से अपनी संस्कृति और भाईचारे को मिलता है

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा ।** जनपद के कई स्थानों पर पारंपरिक दंगल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी के सुपुत्र पार्थ चौधरी एवं प्रतिनिधि देवी सिंह चौधरी (डीएम) ने विजयी पहलवानों का हाथ मिलाकर कुश्ती का शुभारंभ किया एवं प्रथम विजेता पहलवानों को 31 हजार रुपए देकर सम्मानित किया। दंगल प्रतियोगिताओं के दौरान विभिन्न जिलों सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए पहलवानों ने अपने अपने दांव पेंच और मल्लविद्या का शानदार प्रदर्शन किया। यह दंगल प्रतियोगिताएं कोसीकलां, सोन सहित गांव नगला खारी में आयोजित की गई। जिसमें दंगल आयोजकों ने जिपंअ प्रतिनिधि देवी सिंह (डीएम) एवं उनके सुपुत्र पार्थ चौधरी सहित अन्य का फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। विजेताओं को पुरूस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि देवी सिंह ने कहा ऐसे पारंपरिक खेल आयोजनों से गांव की संस्कृति और आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। असली खेल दंगल है इसमें दूर-दूर से ग्रामीण देखने और पहलवान जोर आजमाइश करने के लिए आते है, इसलिए हमें खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए, इससे आपसी भाईचारा बना रहे। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों में अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2023/91022